**सुविचार**
जो गुणज्ञ न हो, उसके सामने गुण नष्ट हो जाता है और कृतघ्न के साथ की गई उदारता नष्ट हो जाती है : अज्ञात

हिंदी दैनिक
# द फोटोन न्यूज
सच के हक में...
झारखंड की राजधानी रांची से प्रकाशित



08
ईशा से जल्द शादी करने जा रहे रैपर बादशाह!

रांची ● मंगलवार, 04 अप्रैल 2023 ● वर्ष : 01 ● अंक : 78 ● रांची संस्करण ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य : 3 ● www.thephotonnews.com
E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

### शेयर बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 59,106.44 |
| निफ्टी | : | 17,398.05 |

### सर्राफा

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,655 |
| चांदी | : | 77.70 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

### माह-ए-रमजान



इफ्तार (मंगलवार): 06.09
सेहरी (बुधवार) : 04.21

### ब्रीफ न्यूज

## सीएम आज करेंगे राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक होनी है। इस बैठक में सड़क दुर्घटना रोकने व लोगों को जागरूक करने पर चर्चा होगी। बैठक में विशेष तौर पर गोल्डन ऑवर पर रणनीति तय की जाएगी। चूंकि दुर्घटना के बाद का पहला घंटा नाजुक होता है। इस बैठक से पहले परिवहन विभाग के अधिकारियों ने एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि पिछली राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक 18 फरवरी 2021 को हुई थी। इस पत्र में कहा गया है कि सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य बैठकों में लिए गए निर्णय को लागू करने की अनुमति दी जाए।

## पति ने चौथी पत्नी की पीट-पीट कर की हत्या, गिरफ्तार

**गिरिडीह :** गांवा थाना क्षेत्र के तारापुर गांव में श्रृंखलाबद्ध शादी रचाने वाले सनकी पति रामचन्द्र तूरी ने अपनी चौथी पत्नी सावित्री देवी (40) की पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने के बाद सोमवार की सुबह मौके पर पहुंचे गांवा थाना प्रभारी सन्नी सुप्रभात ने बताया कि आरोपित पति को गिरफ्तार कर पूछ ताछ की जा रही है। पूछताछ में प्रथम दृष्टया बताया गया कि मृतका सावित्री देवी आरोपित की चौथी पत्नी थी। इससे चार बच्चे हैं। बताया गया कि घटना रविवार देर रात की है। पति रामचंद्र शराब पी रहा था। इस दौरान दोनों में झड़प हुई। नशे में विद्युत रामचंद्र ने पत्नी की लाठी डंडे से जमकर पिटाई कर दी, जिसके कारण महिला की मौत हो गई। थाना प्रभारी ने कहा कि महिला के शव को गिरिडीह पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## नौ जिलों में 12 अप्रैल से लगेगा मिजल्स रुबेला का टीका

**रांची :** राज्य के नौ जिलों में 12 अप्रैल से मिजल्स रुबेला का टीका लगेगा। इसमें साहेबगंज, दुमका, देवघर, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद और कोडरमा जिले शामिल हैं। नोडल पदाधिकारी डॉ अनिल कुमार ने बताया कि मिजल्स रुबेला कार्यक्रम की शुरूआत 12 अप्रैल से सभी प्रभावित नौ जिलों में अभियान के रूप में होगी। इसके तहत नौ महीने से 15 वर्ष तक के सभी 45 लाख 62 हजार 492 बच्चों का टीकाकरण करने का लक्ष्य है। सभी जिलों को मिजल्स रुबेला अभियान को सफल बनाने के लिए राज्य स्तर से कम्युनिकेशन प्लान (कार्य योजना) भेजी गई हैं।

# 25 लाख के इनामी गौतम पासवान समेत 5 नक्सली ढेर



मुठभेड़ में मारा गया नक्सली ● फोटोन न्यूज

**विशेष संवाददाता, चतरा।**

पलामू-चतरा सीमा पर लावालौंग थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सदस्यों के बीच सोमवार को हुई मुठभेड़ में पांच बड़े नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में 25 लाख का इनामी नक्सली गौतम पासवान के अलावा अजीत उर्फ चार्लीस, पांच लाख के दो इनामी और बिहार का एक इनामी माओवादी भी ढेर हुआ है। सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ स्थल से एके 47, इंसास हथियार, भारी मात्रा में नक्सल सामग्री और दो रेगुलर राइफल बरामद की हैं।

चतरा के एसपी एसपी राकेश रंजन ने बताया कि मारे गए सभी नक्सलियों के शव पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। मारे गए उग्रवादियों में 25 लाख का इनामी गौतम पासवान, अजित उरांव उर्फ चार्ली, अमर गंझू उर्फ धीरू, नंदू उर्फ अजय यादव और संजीत भुइयां उर्फ सागर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नियमित गश्त पर गये सुरक्षा बलों के जवानों पर माओवादियों ने गोली चलायी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से जमकर गोलीबारी हुई।

### तीन साल में 35 नक्सली हुए ढेर

इनमें सर्वाधिक इनाम वाले 15-15 लाख के इनामी दो रिजनल कमेटी सदस्यों के अलावा एक दस लाख का इनामी जोनल कमांडर, एक पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर, पांच दो-दो लाख के इनामी एरिया कमांडर व 21 एक-एक लाख के इनामी सदस्य शामिल थे। इन सभी नक्सलियों पर कुल इनाम 44 लाख रुपये का था। इन तीन वर्षों में एक भी 25 लाख का इनामी स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य नहीं मारा गया था और आज मारे गए पांच नक्सलियों को मिलाकर यह संख्या 35 हो गई है। सोमवार को जो मारे गए हैं उनमें दो स्पेशल एरिया कमेटी के सदस्य मारे गए हैं, जिन पर 25-25 लाख रुपये का इनाम था। इसके अलावा पांच सब जोनल कमांडर मारे गए हैं, जिन पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। यानि कुल इनाम की राशि 65 लाख रुपये है। इनाम की राशि मुठभेड़ में शामिल पदाधिकारियों व जवानों के अलावा सूचना दाता तक पहुंचेगी। तीन साल में जितने के इनामी नहीं मारे गए, उससे ज्यादा के इनामी एक ही दिन में ढेर हो गए।

### मारे गए नक्सलियों की सूची

**गौतम पासवान** : स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य (सैक), 25 लाख का इनाम।
**चार्लीस उरांव** : स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य (सैक), 25 लाख का इनाम।
**नंदू** : सब जोनल कमांडर पांच लाख का इनाम।
**अमर गंझू** : सब जोनल कमांडर, पांच लाख का इनाम।
**संजीत उर्फ सुजीत गुड़िया** : सब जोनल कमांडर पांच लाख का इनाम।

#### बरामद हथियार

दो एके 47 रायफल।
दो इंसास रायफल।
दो देसी रायफल।



घटनास्थल पर पड़ा एके 47 ● फोटोन न्यूज

### पुलिस ने महत्वपूर्ण सामग्री को किया बरामद

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच छतरपुर थाना क्षेत्र के हुलसुम जंगल में सोमवार की शाम मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पुलिस को भारी पड़ता देख कर नक्सली अपना दैनिक उपयोग का सामान छोड़कर भाग निकले। डीएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि नक्सली शशिकांत और रंजन के दस्ते से मुठभेड़ हुई। पुलिस ने भारी मात्रा में कई महत्वपूर्ण सामग्री को बरामद किया है।

### एक नक्सली है पुलिस की हिरासत में

मुठभेड़ के बाद एक जिंदा नक्सली को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उससे नक्सलियों के प्लान की जानकारी ली जा रही है। उनकी क्या योजना थी। कौन सी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए सभी एक जगह जुटे थे। हिरासत में लिए गए नक्सली से पूछताछ जारी है। आखिर इतनी बड़ी संख्या में नक्सली वहां क्या करने की योजना बना रहे थे और पुलिस पर हमला भी किया?

## सरकार तीन माह में सिविल कोर्ट में एपीपी नियुक्ति की प्रक्रिया करे पूरी : हाई कोर्ट

**संवाददाता, रांची।**



झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य सरकार को राज्य के सभी सिविल कोर्ट में एपीपी नीति की प्रक्रिया तीन माह में पूरी करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश रंजन धारी सिंह की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को जिला बार एसोसिएशन से जुड़े रेगुलर प्रैक्टिस करने वाले अधिवक्ताओं में से एपीपी की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का आदेश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामशुभग सिंह ने कोर्ट में पैरवी की। प्रार्थी की ओर से हाई कोर्ट में उन्होंने कहा है कि जिस तरह झारखंड हाई कोर्ट में एपीपी की नियुक्ति प्रक्रिया होती है, उसी आधार पर राज्य के सभी सिविल कोर्ट में एपीपी की नियुक्ति होनी चाहिए। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया नोटिफिकेशन के आधार पर एपीपी नियुक्ति की प्रक्रिया सिविल कोर्ट में शुरू कर दी गई है।

### रिम्स पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को रिम्स की बदहाली और आउटसोर्सिंग के जरिए कर्मियों की नियुक्ति के मामले में सुनवाई की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रिम्स पर दस हजार का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने रिम्स की ओर से जवाब दाखिल करने में बार-बार की जा रही देरी पर नाराजगी जाहिर करते हुए यह जुर्माना लगाया। रिम्स की बदहाली को लेकर दायर कई जनहित याचिकाओं पर हाई कोर्ट एक साथ सुनवाई कर रहा है।

# मुख्यमंत्री ने जमशेदपुर में टीसीआईएल के विस्तार परियोजना की रखी आधारशिला

- अधिक से अधिक उद्योग लगाना राज्य सरकार का प्रयास, रोजगार सृजन होगा
- राज्य और देश के विकास में योगदान के लिए टाटा समूह के योगदान को सराहा

**संवाददाता, रांची/जमशेदपुर।**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को जमशेदपुर में टीसीआईएल के विस्तारीकरण परियोजना की भूमि पूजन कर आधारशिला रखी। टाटा समूह के लोग भी उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रकार आज दि टिनप्लेट कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) के विस्तारीकरण के लिये आधारशिला रखी गई है। मुझे आशा है कि यह कार्य समय से पूरा होगा, जिससे यहां के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बने, ताकि अधिक से अधिक उद्योग लग सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस देश और राज्य के विकास में टाटा समूह की बड़ी भूमिका रही है। सरकार का प्रयास है कि औद्योगिक घरानों से सम्बंध और मजबूत हो। इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। टाटा कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। जल्द यह राज्य की जनता को समर्पित होगा। पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने के लिए कई कदम सरकार मजबूती के साथ बढ़ाई है। झारखंड का पर्यटन कैसे आगे बढ़े इसके लिए भी कई कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर मंत्री चंपई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, विधायक सबिता महतो, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त जमशेदपुर विजया जाधव, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर - सह- मुख्य कार्य पदाधिकारी टी भी नरेंद्रन, चीफ कॉरपोरेट सर्विसेज चाणक्य चौधरी, एमडी टीसीआईएल आर एन मूर्ति एवं अन्य उपस्थित थे।



नारियल फोड़कर टीसीआईएल की आधारशिला रखते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ● फोटोन न्यूज

### पहले चरण में 2000 करोड़ रुपये का निवेश होगा

वर्तमान में टीसीआईएल की क्षमता 0.415 मीट्रिक टन प्रति वर्ष है। टीसीआईएल के विस्तारीकरण के पहले चरण में लगभग 2000 करोड़ रुपये का निवेश होगा। यह 0.30 मीट्रिक टन प्रति वर्ष की अतिरिक्त क्षमता सुनिश्चित करेगा, जिससे वर्ष 2026 तक करीब 0.715 मीट्रिक टन प्रति वर्ष तक करने की योजना है।

## मानहानि केस में राहुल को सूरत कोर्ट से जमानत

### अगली सुनवाई 13 अप्रैल को



**एजेंसी, सूरत।**

आपराधिक मानहानि केस में सूरत के सेशन कोर्ट ने राहुल गांधी को सोमवार को 15 हजार के मुचलके पर 13 अप्रैल तक के लिए जमानत दे दी। राहुल ने दो अर्जी लगाई थीं। एक सजा पर रोक (स्टे) के लिए जो नियमित जमानत के लिए जरूरी है। दूसरी सजा रद्द करने के लिए है। पहली अर्जी पर 13 अप्रैल को सुनवाई होगी और दूसरी पर 3 मई को। निचली अदालत से उन्हें दो साल जेल की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता का पक्ष जाने बगैर सुनवाई नहीं हो सकती। ऐसे में अदालत ने याचिकाकर्ता और भाजपा नेता पूर्णेश मोदी को नोटिस जारी किया है। उन्हें 10 अप्रैल तक जवाब देना है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर सजा पर रोक लगाई जाती है तो राहुल की सांसदी बहाल हो सकती है।

### तीन घंटे तक एनएच-80 जाम, शहर में जमकर पथराव

## साहिबगंज में मूर्ति तोड़े जाने पर तनाव, इंटरनेट सेवा ठप

**संवाददाता, साहिबगंज।**

साहिबगंज नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास स्थित बजरंगबली की प्रतिमा को सोमवार को कुछ असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके विरोध में स्थानीय लोगों ने एनएच-80 को तीन घंटे तक जाम कर दिया। शहर में जमकर पथराव किया। एक धार्मिक स्थल को भी आग के हवाले कर दिया। तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है।

उपायुक्त के निर्देश पर दिन में करीब सवा एक बजे से लेकर मंगलवार सुबह नौ बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। तनाव को देखते हुए डीसी ने एहतियातन यह कदम उठाया है। उन्होंने जियो और एयरटेल के अलावा बीएसएनएल के प्रबंधकों से बात की और उनसे आग्रह किया कि मंगलवार सुबह 9 बजे तक इंटरनेट सेवा बंद कर दें, ताकि किसी भी अफवाह को फैलने से रोका जा सके। घटना सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। दोषियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। देखते ही देखते पूरे इलाके में तनाव व्याप्त हो गया। लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर थाना प्रभारी धर्मपाल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। पुलिस-प्रशासन को सड़क पर उतरना पड़ा।



उग्र लोगों को काबू करते पुलिसकर्मी ● फोटोन न्यूज

## हजारीबाग में मिले तीन कोरोना संक्रमित

**संवाददाता, हजारीबाग।**

देश में कोरोना संक्रमण के मामले एक बार फिर से बढने लगे हैं। इसी क्रम में सोमवार को जिले में तीन कोरोना संक्रमितों की पहचान हुई है। इसकी पुष्टि जिला आईडीएसपी कार्यालय ने की है। जिला आईडीएसपी कार्यालय के मुताबिक जिले के शहरी क्षेत्र में तीन कोरोना संक्रमितों की पहचान की गई है। इनमें नूरा निवासी 32 वर्षीया महिला, 15 वर्षीय किशोर और इमली कोठी के पास की 33 वर्षीय युवती है। वर्तमान में तीनों कोरोना संक्रमित अपने घर में ही आईसोलेशन में है। वहीं सभी की स्थिति सामान्य बताई गई है। नूरा निवासी महिला एवं किशोर की ट्रैवल हिस्ट्री है। दोनों ही विगत दिनों ही नई दिल्ली से लौटे हैं। ऐसे उनके नई दिल्ली में कोरोना संक्रमित होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### मेडिकल कॉलेज में किया गया मॉक ड्रिल

राज्य एनएचएम के मिशन डायरेक्टर के निर्देश पर शेख भिखारी मेडिकल कालेज अस्पताल में कोरोना संक्रमितों को त्वरित उपचार मुहैया कराने को लेकर मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान अस्पताल में मरीजों को आक्सीजन की आपूर्ति करने वाले दोनों पीएसए प्लांट को चालू कर जांच की गई। वहीं मॉक ड्रिल को लेकर अस्पताल के अधीक्षक डा विनोद कुमार ने बताया कि अस्पताल का दोनों ही पीएसए प्लांट नियमित तौर पर संचालित किया जाता है। इस कारण कहीं कोई समस्या नहीं है। वहीं बताया कि वर्तमान में अस्पताल में 150 से ज्यादा आक्सीजन सपोर्टेड बेड उपलब्ध हैं।

ब्रीफ न्यूज

### अविनाश पांडेय 12 दिनों के दौरे पर आज आयेंगे रांची

**रांची :** पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने के बाद प्रदेश कांग्रेस आक्रामक हो गई है। केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ रणनीति को लेकर मंगलवार से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय 12 दिन के दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। इस क्रम में कई कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तय की गई है। सभी जिलों में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम तय किया गया है। पार्टी अप्रैल में जय भारत सत्याग्रह आंदोलन चलाएगी। राज्य के सभी जिलों और प्रखंडों में पार्टी आंदोलन करेगी। सबसे बड़ी बात यह है कि सभी जिलों में होने वाले आंदोलन में प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय भी शामिल होंगे। कांग्रेस का मानना है कि देश में ऐसा एक मुद्दा हमारे सामने है, जो कभी नहीं हुआ। पार्टी नेता राहुल गांधी के साथ पिछले दिनों जितनी घटनाएं हुई हैं, तथ्य के साथ सभी जिलों में मीडिया के सामने रखा जाएगा। लोगों को बताएगी कि कोर्ट के फैसले के बाद लोकसभा से किस तरह से सदस्यता समाप्त की गई। उसके पीछे एक गहरी चाल है।

### युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से पत्राचार अभियान की शुरूआत की

**खूंटी :** जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण संगा के नेतृत्व में सोमवार को हुटार चौक में पोस्ट कार्ड के माध्यम से प्रधानमंत्री को पत्राचार करने के अभियान की शुरूआत की गई। मौके में प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी निशा भगत ने लोकतंत्र बचाओ देश बचाओ का नारा देते हुए कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी की सदस्यता रद्द की गई है, वह पूरी तरह संविधान के विरुद्ध है। देश को बचाना है, तो सभी नागरिकों को लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आना होगा। सह प्रभारी मो शादाब खान ने कहा कि युवा वग बेरोजगारी से जूझ रहा है, पर इस ओर सरकार का ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि आखिर कब तक युवाओं का शोषण होता रहेगा। कायकारी जिलाध्यक्ष अरुण संगा ने कहा कि प्रधानमंत्री को यह बताना होगा कि उनके मित्र गौतम अडानी जिसका विश्व में 609वा स्थान था, अचानक क्या हुआ कि उसका स्थान दूसरा हो गया।

### उच्च शिक्षा तक पहुंच को बढ़ावा देने में इग्नू की भूमिका सराहनीय : मुर्मू

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि 'उच्च शिक्षा तक पहुंच' को बढ़ावा देने में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) की सराहनीय भूमिका रही है। राष्ट्रपति इग्नू के 36वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि आज डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले 2 लाख 80 हजार विद्यार्थियों में महिला छात्राओं की संख्या करीब 55 प्रतिशत है। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में आधे से अधिक छात्राएं हैं। उन्होंने कहा, उच्च शिक्षा तक पहुंच' को बढ़ावा देने में इग्नू की सराहनीय भूमिका रही है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हुई है कि कुल विद्यार्थियों में से करीब 50 प्रतिशत विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से हैं तथा 50 प्रतिशत महिलाएं हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा की ज्योति से अंधकार में प्रकाश फैलता है। मुझे यह जानकर विशेष प्रसन्नता हो रही है कि हजारों जेल के कैदी भी इग्नू से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह शिक्षा जेल के कैदियों के पुनर्वास तथा कारावास से निकलने के बाद एक बेहतर जिंदगी शुरू करने में उनके लिए सहायक होगी। उन्होंने कहा कि बहुत से विद्यार्थियों को अपनी जिम्मेदारियों और परिस्थितियों की वजह से उच्च शिक्षा को जारी रखने में कठिनाई होती है। ऐसे विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने में इग्नू जैसे संस्थान मदद कर रहे हैं। इस प्रकार दूरस्थ शिक्षा की व्यापक सामाजिक-आर्थिक उपयोगिता है। इग्नू के कुलपति नागेश्वर राव ने विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह विश्व का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है। वर्तमान में यहां 35 लाख छात्र अध्ययनरत हैं।

## सात सूत्री मांगों को लेकर पीडीएस दुकानदार संघ ने राजभवन के समक्ष दिया धरना, बोले

# हमारे साथ शोषण हो रहा है, आवाज उठाने पर दी जाती है लाइसेंस रद करने की धमकी

### एक रुपया मिलने पर भी हमसे मांगा जाता है कमीशन

**वरीय संवाददाता, रांची।**

जन वितरण प्रणाली दुकानदारों पर हो रहे आर्थिक शोषण, भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर झारखंड राज्य जन वितरण प्रणाली दुकानदार संघ के द्वारा सोमवार को एक दिवसीय धरना का आयोजन राजभवन के सामने किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशील कुमार साहू ने की तथा मंच संचालन संघ के प्रदेश महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने किया। धरना के बारे में जानकारी देते हुए अध्यक्ष सुशील कुमार साहू ने बताया की आये दिन विभाग के द्वारा दुकानदारों का आर्थिक मानसिक शोषण किया जाता है। आवाज उठाने पर जांच करने और अनुज्ञप्ति रद्द करने की धमकी दी जाती है। हमें जो 01 रुपया कमीशन मिलता है उसमें भी हमसे कमीशन के बदले कमीशन की मांग की जाती है। लॉकडाउन के समय में जब सब कुछ बंद था तब यही जनवितरण दुकानदार लोगों का पेट भर रहे थे। अपनी



राजभवन के सामने धरने पर बैठे जन वितरण प्रणाली दुकानदार ● फोटोन न्यूज

जान की परवाह किए बिना लोगों को राशन उपलब्ध करा रहे थे। उस समय हमें विभाग या किसी संस्था ने एक मास्क भी उपलब्ध नहीं कराया। उलटे हमसे जूट की बोरी मांगी गई जिसके एवज में हमें प्रति बोरा 23 रुपये देने की बात काही गई थी लेकिन आज तक हमें बोरा का एक भी पैसा प्राप्त नहीं हुआ है। हम जानना चाहते हैं की ये बोरी का पैसा कहां गया, ये पैसा हम राशन दुकानदारों को मिलना चाहिए या तो इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। आगे जानकारी देते हुए श्री साहू ने कहा की हमें राशन वितरण के लिए एक रुपये कमीशन के रूप में दिया जाता है क्या आज के महंगाई में इस एक रुपये में हमारे परिवार का भरण पोषण हो पाएगा। आये दिन हमें दूसरे कामों में भी लगा दिया जाता है जैसे उज्ज्वला योजना, सीएम सपोर्ट पेट्रोल सब्सिडी योजना, आयुष्मान भारत इत्यादि काम हमने किए है और इसका ना तो हमें कोई कमीशन मिला ना कोई मानदेय। यही कारण है की हम सभी आज इस धरना प्रदर्शन को मजबूर हैं।

संघ के महासचिव नृपेंद्र कृष्ण महतो ने आगे की जानकारी देते हुए बताया की हम आज इस धरना का मकसद सिर्फ दुकानदारों के समस्याओं को सरकार तक पहुंचाना है। हम चाहते हैं की सरकार हमारी भी बातों को सुने और समझे। इसी लिए हमने सरकार के सामने सात सूत्री मांगें रखी हैं।

मौके पर सुरेश महतो, शबीबुल रहमान, शंभू प्रसाद, रुत खेस, आशामुनी, बीरेंद्र प्रसाद, आनंद प्रसाद, पंचू साहू, काशी नाथ, घनश्याम सिंह समेत सभी झारखंड राज्य के दुकानदार उपस्थित थे।

### ये है सात सूत्री मांगें

- राज्य सरकार की अनुज्ञप्ति एकीकरण आदेश 2022 को निरस्त कर 2019 की व्यवस्था के तहत के आधार पर अनुज्ञप्ति प्रदान की जाए उम्र सीमा समाप्त की जाय तथा अनुशासि नवीनीकरण शुल्क में की गई वृद्धि को समाप्त किया जाय।
- भारत सरकार द्वारा महंगाई सूचकांक को ध्यान में रखते हुए न्यूनतम मजदूरी प्रतिमाह 40 .000 (चालीस हजार) रुपए मानदेय भुगतान किया जाय।
- 5जी के जमाने में 2जी पोस समीन का उपयोग खाद्यान वितरण के लिए किया जाता है। इसे बदल कर कम से कम 4जी पोस मशीन उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विभाग का सर्वर जो हमेशा डाउन रहता है उसे दुरूस्त किया जाय सर्वर की वजह से आये दिन वितरण का प्रतिशत कम होने पर हमें बेवजह सोकॉज कर आर्थिक शोषण किया जाय उसे बंद करें।
- खाद्यान वितरण का सारा काम जब ऑनलाइन किया जाता है तो फिर ऑफलाइन रिकॉर्ड रखने कि क्या जरूरत है। अत: वितरण व्यवस्था को पूर्णत: पेपर लेस किया जाय।
- माह के प्रथम सप्ताह में खाद्यान उपलब्ध कराया जाय, वितरण की तिथि माह के अंतिम दिन तक रखी जाय, साथ ही खाद्यान वितरण का कमीशन ससमय दिया जाय।
- प्रति सामग्री पोस मशीन में अंगूठा लगाने की व्यवस्था को बदलकर कर पूर्व की तरह सभी सामग्री वितरण के लिए एक अंगूठा नियम लागू किया जाय।
- प्रत्येक माह खद्यान का अवशेष विभाग के द्वारा काट कर हमें दिया जाता है तो फिर 2-4 माह में अतिरिक्त खाद्यान का कटौती बंद किया जाय।

## दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले सांसद संजय सेठ

# परीक्षा पे चर्चा से जुड़ी चित्रकला प्रतियोगिता व कई अन्य गतिविधियों से अवगत कराया

**वरीय संवाददाता, रांची।**

रांची से सांसद संजय सेठ ने सोमवार को नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सांसद ने उन्हें परीक्षा पे चर्चा से जुड़ी चित्रकला प्रतियोगिता, श्री अन्न होली मिलन समारोह, सांसद खेल महोत्सव सहित अपनी अन्य राजनैतिक व सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। इसके साथ ही सांसद ने मई में आयोजित होने वाले सांसद सांस्कृतिक महोत्सव की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी। महोत्सव का ब्रोसर उन्हें अवलोकन के लिए दिया और इसका उद्देश्य बताया। नड्डा ने सांसद की ओर से आयोजित सांस्कृतिक महोत्सव की सराहना की और अपनी शुभकामनाएं भी दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात के बाद सेठ ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को हमने अपनी सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों की जानकारी दी है। सांस्कृतिक महोत्सव



के उद्देश्य को लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने भी अपना मार्गदर्शन दिया है और इसकी प्रशंसा की है। इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष ने क्षेत्र के सभी कलाकारों, कलाप्रेमियों के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## टाना भगत संघ का शिष्टमंडल राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिला, कई समस्याओं से अवगत कराया

# गवर्नर ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

**वरीय संवाददाता, रांची।**

झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने स्थानीय प्रशासन को टाना भगतों की समस्याओं का तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया है। राज्यपाल से सोमवार को टाना भगत संघ की केंद्रीय कमेटी, लोहरदगा का शिष्टमंडल राजभवन में मिला। राज्यपाल को भूमि अतिक्रमण, भूमि के हस्तांतरण के साथ टाना भगत आवासीय विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया। टाना भगतों ने राज्यपाल को बताया कि लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, गुमला, हजारीबाग और लातेहार जिले में निवास करने वाले टाना भगत, जिन्हें ताम्र पत्र मिल चुका है, उन्हें अब तक भूमि नहीं दी गयी है। टाना भगत दर-दर की ठोकरें खाने



राज्यपाल को समस्याओं से अवगत कराते टाना भगत संघ ● फोटोन न्यूज

को विवश हैं। जिनकी खतियानी जमीन पूर्व से है, उसका भी अतिक्रमण किया जा रहा है। गांधी के सच्चे अनुयायी होने के बावजूद वे लोग कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। टाना भगतों ने राज्यपाल को बताया कि साक्षरता दर बढ़ाने के लिए सरकारी स्कूल में पढ़ाई करायी जा रही है। मगर सरकारी आवासीय विद्यालय से पढ़ने वाले छात्र मैट्रिक पास करने के बाद एक अप्लीकेशन तक नहीं लिख पाते हैं। ऐसी शिक्षा से क्या फायदा। क्वालिटीपूर्ण शिक्षा का घोर आभाव है। आवासीय विद्यालयों में टाना भगतों के बच्चों का सही से नामांकन भी नहीं होता है। टाना भगतों ने राज्यपाल से दखल देने की मांग की।

## सीबीआई के हीरक जयंती समारोह का हुआ उद्घाटन

# न्याय व लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है भ्रष्टाचार : प्रधानमंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भ्रष्टाचार को न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बताया और कहा कि मुख्य रूप से सीबीआई की जिम्मेदारी देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करना है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि आज देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों से भ्रष्टाचारियों के खिलाफ बिना किसी हिचकिचाहट के कार्रवाई करने को कहा, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो की स्थापना 1 अप्रैल 1963 को गृह मंत्रालय, भारत सरकार के एक संकल्प द्वारा की गई थी। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, भ्रष्टाचार कोई सामान्य अपराध नहीं है, यह गरीबों के अधिकार छीनता है, यह कई अन्य अपराधों को जन्म देता है, भ्रष्टाचार न्याय और लोकतंत्र के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा है।' उन्होंने कहा कि सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार लोकतंत्र को बाधित करता है और सबसे पहले शिकार युवाओं के सपने होते हैं। भ्रष्टाचार भाई-भतीजावाद और एक वंशवादी व्यवस्था को बढ़ावा देता है जो देश की ताकत को कम करता है, गंभीर रूप से विकास को बाधित करता है। उन्होंने भ्रष्टाचारियों की ताकत और उनके द्वारा जांच एजेंसियों को कलंकित करने के लिए बनाए गए तंत्र से विचलित नहीं होने को कहा। उन्होंने कहा कि 'ये लोग आपका ध्यान भटकाते रहेंगे, लेकिन आपको अपने काम पर ध्यान देना होगा। किसी भी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। हमारे प्रयासों में कोई ढिलाई नहीं होनी चाहिए। यही देशवासियों की कामना है। देश, कानून और संविधान आपके साथ है।'

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से भारत को आजादी के समय भ्रष्टाचार की विरासत मिली और इस तथ्य पर खेद व्यक्त किया कि इसे हटाने के बजाय कुछ लोग इस बीमारी को पोषित करते रहे। इस स्थिति ने व्यवस्था को बर्बाद कर दिया और नीतिगत पक्षाघात के माहौल ने विकास को ठप कर दिया। 2014 के सरकार की प्राथमिकता व्यवस्था में विश्वास जगाना रही है और इसके लिए सरकार ने मिशन मोड में काले धन और बेनामी संपत्ति के खिलाफ कार्रवाई की है।




**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से सोमवार को झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष काजल यादव ने राज भवन में भेंट कर उन्हें अपने कार्य के निष्पादन में आ रही विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

# अल्पसंख्यकों की रक्षा जरूरी, पांच दिनों तक रामनवमी की शोभायात्रा क्यों?

### बंगाल में हिंसक झड़प पर बोली ममता बनर्जी

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल में गत गुरुवार यानी रामनवमी के दिन से लगातार हो रही हिंसक झड़प की घटनाओं पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बड़ी बात कही है। पश्चिम मेदिनीपुर के खेजूरी में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि रामनवमी की शोभायात्रा पांच दिनों तक क्यों होगी? उन्होंने हिंदू समुदाय का आह्वान करते हुए कहा कि अल्पसंख्यकों की रक्षा जरूरी है। आगामी छह अप्रैल होने वाली हनुमान जयंती को लेकर प्रशासन को सतर्क रहने का निर्देश देते हुए ममता ने कहा कि हंगामें की साजिश रचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने सभी जिलों के अधिकारियों को इसके लिए सतर्क रहने को कहा। शोभायात्रा के आयोजन कताओं को लेकर ममता ने कहा कि तुम लोग रैली निकालो कोई आपत्ति नहीं है। मैंने तो कभी रोका नहीं लेकिन बंदूक लेकर क्यों रैली निकालोगे? रिसड़ा में भी अशांति हुई है। इस तरह की घटना बार-बार क्यों हो रही है? ममता ने कहा, रमजान महीना चल रहा है। हिंदू भाई-बहनों से मेरा अनुरोध है कि अल्पसंख्यकों के साथ खड़े रहें। उनकी रक्षा करें ताकि कोई अप्रिय घटना ना घटे। उन्होंने कहा जिन लोगों ने भी अशांति की है, उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। ममता ने कहा कि जिन्होंने गाड़ियां जलाई हैं और सरकारी संपत्ति को नष्ट किया है उनकी संपत्ति जब्त की जाएगी।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय पर हुई बैठक, 11 अप्रैल के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने पर चर्चा

# सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे तेज : दीपक प्रकाश

**वरीय संवाददाता, रांची।**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को बूथ सशक्तीकरण अभियान सहित राष्ट्रपति के अभिभाषण, मन की बात कार्यक्रम, स्थापना दिवस समारोह, सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह जैसे आगामी कार्यक्रमों पर बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा हुई। साथ ही 11 अप्रैल के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जिसके कार्यकर्ता संगठन विस्तार के साथ साथ आंदोलनात्मक कार्यक्रम को कर




बैठक में शामिल भाजपा पदेश अध्यक्ष, विधायक व अन्य ● फोटोन न्यूज

सकते हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बूथ से लेकर प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता बूथ सशक्तीकरण अभियान को सफल बनाने की दिशा में जी जान से जुटे हुए हैं। वहीं दूसरी ओर हम सब राज्य सरकार के खिलाफ सड़क से सदन तक जोरदार आंदोलन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रखंड और जिला स्तरीय प्रदर्शनों के बाद अब भाजपा कार्यकर्ता राज्य की जनभावना के अनुरूप राजधानी में विशाल प्रदर्शन के साथ हेमंत सरकार को गद्दी छोड़ने केलिए बाध्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 11अप्रैल का प्रदर्शन और सचिवालय घेराव ऐतिहासिक होगा।

### लूट, झूठ और तुष्टिकरण की सरकार को जनता देखना नहीं चाहती : मरांडी

विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की तीन ही पहचान है। लूट ,झूठ और तुष्टिकरण। लगभग साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार ने इसके अलावा कुछ भी नही किया। मरांडी ने कहा राज्य में लूट की प्रकाष्ठा हो चुकी है। खनिज संसाधनों की तस्करी हो रही। बड़े बड़े अधिकारी भ्रष्टाचार में जेल जा रहे या ईडी ,सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों के घेरे में हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में रोज झूठ की खेती हो रही। मुख्यमंत्री युवाओं को सदन से सड़क तक झूठ बोलकर बरगला रहे। घोषणा पत्रों में शामिल एक भी वादे को ठगबंधन सरकार ने पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अब युवाओं का धैर्य टूट चुका है।युवा शक्ति सड़कों पर उतर चुकी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार वोट बैंक के खातिर तुष्टिकरण को बढ़ावा दे रही। बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को चोट पहुंचाई जा रही। इसलिए हेमंत सरकार की उल्टी गिनती भी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा जनता इस सरकार को अब देखना नही चाहती। इसलिए भाजपा जनभावनाओं के अनुरूप सरकार से निजात दिलाने के लिए संकल्पित है।

ब्रीफ न्यूज

## युवती के गले से चेन की छिनतई

**रांची :** बरियातू थाना क्षेत्र स्थित इंद्रप्रस्थ कालोनी में रहने वाली युवती प्रिया कुमारी के गले से अपराधियों ने चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। प्रिया के भाई अमित कुमार के बयान पर बरियातू थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई है। अमित ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन के साथ स्कूटी से जा रहा था। तभी दो युवक बाइक पर आएं और उसकी बहन का चेन छीनकर फरार हो गए। घटना पर सीसीटीवी लगा हुआ है। पुलिस फुटेज खंगालेगी तो अपराधियों की पहचान हो जाएगी।

## झाप्रेस के अधिकारी 30 अप्रैल तक स्व परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन दें

**रांची :** झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रेस) के अधिकारियों को अपना स्व परफॉरमेंस मूल्यांकन प्रतिवेदन देने के लिए 30 अप्रैल तक अंतिम समय दिया गया है। कार्मिक विभाग ने वर्ष 2017-18, 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में ऑनलाइन एपीएआर मूल्यांकन के लिए तिथि निर्धारित कर दिया है। इसके तहत झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपना स्व मूल्यांकन प्रतिवेदन 30 अप्रैल 2023 तक, प्रतिवेदक पदाधिकारियों द्वारा ऑनलाइन एपीएआर मूल्यांकन के लिए अंतिम तिथि 20 मई, समीक्षी पदाधिकारियों द्वारा ऑनलाइन एपीएआर मूल्यांकन के लिए अंतिम तिथि 20 मई व स्वीकरण पदाधिकारियों द्वारा भी इसी तिथि को अपना मूल्यांकन प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।

## संजय कुमार जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी के महासचिव मनोनीत

**रांची :** जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष राकेश किरण महतो ने निवारणपुर चुटिया निवासी संजय कुमार को जिला ग्रामीण कांग्रेस कमिटी का महासचिव बनाने जाने पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चैयरमेन श्री राजू राम ने बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ में रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग उपचेयरमैन सूरज कुमार पासवान, प्रकाश राम, संजय कुमार राम, गणेश पासवान, बंटी राज, बसंत पासवान, मुन्ना नायक सभी संजय कुमार को जिला ग्रामीण का महासचिव बनाये जाने पर बधाई दिया।

## मसीही समुदाय ने ईस्टर की तैयारी शुरू की

**रांची :** ईस्टर पर्व को लेकर मसीही समुदाय में खासा उत्साह देखा जा रहा है. इस दिन मसीही समुदाय पूर्वजों को याद करते है। इसके लिए कब्रिस्तानों को साफ सुथरा व रंग- रोगन किया जा रहा है। जीएल चर्च, रोमन कैथोलिक चर्च, सीएनआई चर्च से जुड़े कब्रिस्तान में झाड़ियों की सफाई की जा रही है। हेसाग न्यू प्रेम नगर के रहने वाले जुलियन डांग ने बताया कि हर साल ईस्टर पर्व में कब्रिस्तान जाकर अपने पूर्वजों की याद में उनके कब्रों पर फूल- माला चढ़ाते हैं. मोमबत्ती जलाते हैं। उस दीन विशप और पल्ली पुरोहितों द्वारा विशेष प्रार्थना कराई जाती है।


## रिम्स के आगे सड़क खराब, राहगीरों को परेशानी

**रांची :** राज्य के सबसे बड़ा रिम्स अस्पताल से कोकर की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति काफी जर्जर है। रिम्स परिसर से महज सौ मीटर की दूरी पर ही सड़क पूरी तरह टूटी हुई है। गड्ढा बन गया है। सालों भर गड्ढा में नाली का गंदा पानी जमा रहता है। आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी होती है।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24, Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

# अमृतकाल में खतरे में देश का लोकतंत्र रोजगार देने वाली संस्थाएं ध्वस्त : हेमंत

- सामाजिक न्याय के लिए एक मंच पर आकर हम सभी लोगों को लड़ना और संघर्ष करना होगा : हेमंत
- अमृतकाल में आज एसटी, एससी, माइनॉरिटी, ओबीसी एवं महिलाओं के हक–अधिकारों के लिए एक प्लेटफार्म पर आकर करना पड़ रहा संघर्ष
- नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सामाजिक न्याय महासंघ के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को सीएम हेमंत सोरेन ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए किया संबोधित



**विशेष संवाददाता, रांची।**

झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि आजादी के 75 साल और अमृतकाल में भी हम आज सोशल जस्टिस को लेकर चिंतित हैं। केंद्र सरकार की गलत नीति और निर्णयों के वजह से देश की लोकतांत्रिक ढांचा ध्वस्त होती दिख रही है। आज एसटी, एससी, माइनॉरिटी, ओबीसी एवं महिलाओं के हक- अधिकारों के लिए हम सभी को एक प्लेटफॉर्म पर आकर संघर्ष करना पड़ रहा है। देश में आज जो परिस्थिति बनी हुई है यह आने वाली पीढ़ी के लिए चिंताजनक है। देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो रही है। किसान, मजदूर, पढ़े-लिखे नौजवान अपने हक-अधिकारों से वंचित हो रहे हैं। निश्चित तौर पर यह देश को पीछे ले जाने के संकेत हैं।

हेमंत सोरेन सोमवार शाम को नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय सामाजिक न्याय महासंघ के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में अलग-अलग तरह से भेदभाव किया जा रहा है। यही वजह है कि आज सोशल जस्टिस को लेकर हम लोगों को एक मंच पर आकर डिस्कशन करने की जरूरत पड़ रही है। हेमंत सोरेन ने कहा है कि सामाजिक न्याय के लिए एक मंच पर आकर हम सभी लोगों को लड़ना और संघर्ष करना होगा।

**तमिलनाडु, राजस्थान के सीएम और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भी रखी अपनी बात :** बता दें कि यह राष्ट्रीय सम्मेलन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व में आयोजित की गई थी। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, सीपीआईएम के जनरल सेक्रेटरी सीताराम येचुरी, सीपीआई के जनरल सेक्रेटरी डी राजा, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष फारुख अब्दुल्ला सहित देश के कई दिग्गज नेता शामिल हुए।

**रोजगार उपलब्ध कराने वाले सभी संस्थाओं को बुरी तरह किया जा रहा ध्वस्त :** हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में रोजगार उपलब्ध कराने वाले सभी संस्थाओं को बुरी तरह ध्वस्त किया जा रहा है। हमारे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे जो अधिकतर आर्मी में नौकरी की तैयारियां करते थे, आज आर्मी में नौकरी पाने के लिए किस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है, यह किसी से छुपी हुई नहीं है। रेलवे, बैंक इत्यादि कई ऐसे संस्थान हैं जहां युवाओं को नौकरियां मिलती थी। उन संस्थानों को आज निजी हाथों बेचा जा रहा है। देश की स्थिति यह है कि अब लोग पीडीएस अनाज पर जीने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

**देश में आज फूट डालो और राज करो की स्थिति बनी है, जो चिंता का विषय है :** हेमंत सोरेन ने कहा कि देश में आज फूट डालो और राज करो की स्थिति बनी है जो चिंता का विषय है। वर्तमान समय में देश का लोकतंत्र खतरे में है। आज देश में ह्यना काम करूंगा ना करने दूंगाह्ल की राजनीति हो रही है। हमारे राज्य झारखंड में पिछली सरकार ने बड़ी चतुराई से ओबीसी रिजर्वेशन को घटाने का काम किया था, परंतु राज्य में हमारी सरकार बनते ही हमने आरक्षण नियमावली में कुछ बदलाव करते हुए ओबीसी आरक्षण को 27% करने हेतु नौवीं अनुसूची में जोड़ने का प्रस्ताव भेजा है। दुर्भाग्य है कि उस प्रस्ताव को झारखंड के तत्कालीन राज्यपाल द्वारा वापस कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में भी कुछ इसी तरह के डिसीजन लिए गए, जिसे वहां के राज्यपाल ने अपनी सहमति दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में जब रेलवे, बैंक और अलग-अलग डिफेंस संस्थाओं में वैकेंसी निकलेगी ही नहीं, तब रिजर्वेशन किस काम का?

**सामाजिक न्याय के लिए हमें एक और मुहिम छेड़नी होगी :** हेमंत ने कहा कि सामाजिक न्याय की लड़ाई को जब मैं देखता हूं, तब उन्हें दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी की संघर्षमय यात्रा याद आती है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन, लालू प्रसाद यादव, स्व। मुलायम सिंह यादव आदि देश के कई दिग्गज नेताओं ने मिलकर लोकतांत्रिक मोर्चा का गठन किया था, और इसी सामाजिक न्याय को लेकर एक मुहिम छेड़ी थी। ऐसे ही मुहिम छेड़ने की हमें जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज के इस कॉन्फ्रेंस में तमाम महानुभावों द्वारा दिए गए सुझाव के साथ मैं हमेशा खड़ा रहूंगा। क्योंकि आज जरूरत है कि देश की मूल आत्मा को बचाया जाए। हम सब मिलकर आने वाली पीढ़ी के बेहतर भविष्य के लिए कार्य करें आज इसकी नितांत जरूरत है।

## हाई कोर्ट ने सीएम के लीज आवंटन मामले में ईडी और राज्य सरकार से मांगा जवाब



**संवाददाता, रांची।**

झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सोमवार को खान विभाग के मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से खुद एवं अपने रिश्तेदारों को लीज आवंटित करने से संबंधित आरटीआई कार्यकर्ता एवं हाई कोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। खंडपीठ ने राज्य सरकार और ईडी को जवाब दाखिल करने को कहा है। खान आवंटन मामले में राज्य सरकार और ईडी प्रतिवादी हैं। मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी।

सोमवार को सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने बहस की, जहां उन्होंने पूर्व के एक मामले का हवाला देते हुए इस मामले को भी मेंटेनेबल नहीं बताया। उन्होंने कहा कि यह मामला सुनवाई के योग्य नहीं है। इसी तरह का एक मामला शिव शंकर शर्मा एवं अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका है। इस याचिका में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं अन्य के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट के खंडपीठ की ओर से पारित आदेश को पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया है। ऐसे में फिर इस मामले को उठाना सही नहीं लगता है।

मामले को महाधिवक्ता की ओर से मेंटेनेबल नहीं बताए जाने के बाद याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि यह मामला अलग है। इसमें हेमंत सोरेन ने अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है। जब उन्होंने खान आवंटित किया था, तब वो खान मंत्री थे। इसके बाद खंडपीठ ने याचिकाकर्ता की दलील को सुनने के बाद राज्य सरकार, ईडी को जवाब देने को कहा है। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह एवं विशाल कुमार ने पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए खुद अपने लिए माइनिंग लीज आवंटित कर लिया था। इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू की कंपनी को भी माइनिंग लीज आवंटित कर दिया था।

# ईडी के शिकंजा कसने पर 100 करोड़ के घोटाले में संजय तिवारी ने किया अदालत में आत्मसमर्पण



कोर्ट में आत्मसमर्पण के बाद आरोपी संजय तिवारी ● फोटोन न्यूज

**संवाददाता, रांची।**

झारखंड सरकार के मिड डे मील अकाउंट से 100 करोड़ रुपये के फर्जी हस्तांतरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिग मामले में वांछित आरोपित भानु कंस्ट्रक्शन के संचालक संजय कुमार तिवारी ने प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) की विशेष अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने 25 मार्च को सरेंडर करने का आदेश दिया।

इसके बाद उसने कोविड-19 जांच की एक रिपोर्ट ईडी कोर्ट को दी और फरार हो गया। ईडी ने संजय की गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट हासिल किया। उसके रांची के अरगोड़ा स्थित आवास पर छापा मारा पर वह नहीं मिला। इस बीच ईडी के रांची जोनल ऑफिस ने रिम्स के इलाज संबंधी कागजात और कोविड सर्टिफिकेट की जांच कराई। इसमें साफ हुआ कि कोविड सर्टिफिकेट फर्जी था। यह साबित होने पर रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक ने संजय तिवारी खिलाफ बरियातू थाना में एफआईआर दर्ज कराई।

उल्लेखनीय है कि मिड डे मील के करीब 100 करोड़ रुपये एसबीआई की धुर्वा ब्रांच से भानु कंस्ट्रक्शन के 34 खातों में अवैध तरीके से स्थानांतरित किए गए हैं। खुलासा होने पर पहले धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बाद में मामले की जांच सीबीआई ने अपने हाथ ली। वर्ष 2021 में ईडी ने केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। संजय तिवारी के साथ राजू वर्मा और सुरेश कुमार भी इस केस में अभियुक्त हैं।

## संजय तिवारी की फर्जी कोविड रिपोर्ट में आधार नंबर मिलने पर बढ़ा शक

- सीबीआई पत्र आते ही रिम्स कर्मी ने दे दिया था इस्तीफा
- इस्तीफा देने के बाद कर्मचारी पर थी सभी की निगाहें

**संवाददाता, रांची।**

रिम्स के माइक्रोबायलाजी विभाग में फर्जी कोविड रिपोर्ट बनाने के मामले को लेकर प्रबंधन ने गंभीरता से लिया है। इस घटना के बाद अब एक और जांच में खुलासा हुआ है। मिड डे मील घोटाले के मुख्य आरोपी संजय तिवारी का फर्जी सर्टिफिकेट बनाने में उसका आधार संख्या का प्रयोग किया गया था। जिसके बाद यह रिपोर्ट खुद ही शक के दायरे में आ गया था। विभाग के एचओडी डा अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि अभी किसी भी कोविड रिपोर्ट में आधार संख्या का जिक्र नहीं किया जा रहा है। लेकिन विभाग के कर्मी प्रियरंजन रवि को इसकी पूरी जानकारी नहीं थी, जिस कारण उसने दूसरे व्यक्ति एतवा टोप्पो के पाजिटिव कोविड रिपोर्ट को कोविड पोर्टल से डाउनलोड कर उसे एडिट कर एतवा का नाम बदला और उसमें संजय तिवारी का आधार संख्या डाला। इसके बाद ही रिपोर्ट की जांच शुरू की गई।

**सीबीआई का पत्र आते ही कर्मी ने दे दिया था इस्तीफा :** माइक्रोबायलाजी विभाग में संजय तिवारी की कोविड रिपोर्ट की जांच को लेकर जैसे ही सीबीआई का पत्र पहुंचा। कर्मी रविरंजन को इसकी भनक लग गई और उसने रिम्स से निकल जाने का मन बना लिया। डा शर्मा बताते हैं कि उसे पूरा यकीन था कि जैसे ही रिपोर्ट की जांच की जाएगी वैसे ही उसकी पोल खुल सकती है। जिसके बाद उसने 29 मार्च को ही रिम्स को अपना इस्तीफा सौंप दिया और नौकरी छोड़ दी। लेकिन उसके इस्तीफे के बाद जांच में जब गड़बड़ी दिखी तो सबसे पहले सभी का शक उसी की ओर गया और फिर उसकी खोज शुरू हुई और पुलिस ने रविवार को उसे दबोच लिया।

**कोविड रिपोर्ट में आधार नंबर नहीं हो रहा जारी :** कोविड रिपोर्ट में आधार नंबर देने का नियम आईसीएमआर ने काफी पहले बनाया था। इसकी जरूरत इसलिए भी पड़ी क्योंकि उस वक्त विदेश जाने वालों की रिपोर्ट में आधार नंबर होना जरूरी कर दिया गया था। जिसके बाद आईसीएमआर ने नियम निकाला और सभी रिपोर्ट कोविड पोर्टल में अपलोड किया जाने लगा। संजय तिवारी के मामले में रविरंजन ने पोर्टल से एतवा टोप्पो की पाजिटिव रिपोर्ट तो डाउनलोड की और उसमें एतवा टोप्पो की जगह संजय तिवारी लिखा और खुद से विभागाध्यक्ष या प्रोफेसर का फर्जी हस्ताक्षर कर दिया।

## पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने की खारिज

**संवाददाता, रांची।**

निलंबित आईएएस पूजा सिंघल को ईडी कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सोमवार को पूजा सिंघल के डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी।

इस मामले में याचिकाकर्ता पूजा सिंघल और ईडी की ओर से बहस पूरी होने के बाद कोर्ट ने 25 मार्च को फैसला सुरक्षित रख लिया था। डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल ने ईडी की ओर से दी गई दलीलों का विरोध करते हुए खुद भी अपना पक्ष रखा था। पूजा सिंघल समेत उनके पति के सीए सुमन कुमार एवं खूंटी के तत्कालीन सहायक अभियंता शशि प्रकाश के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है। इनके खिलाफ अब पांच अप्रैल को आरोप तय होने हैं। राम विनोद प्रसाद सिन्हा के खिलाफ कोर्ट पूर्व में आरोप तय कर चुकी है। अभी पूजा सिंघल सुप्रीम कोर्ट से दो माह की अंतरिम जमानत पर है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पूजा सिंघल मनरेगा घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छह मई, 2022 को झारखंड में 20 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की थी, इसमें 19.31 करोड़ रुपये की बरामदगी हुई थी।

## रांची एयरपोर्ट पर मिलेगी रात्रि विमान सेवा

**संवाददाता, रांची।**

अब बिरसा मुंडा रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों को रात में भी विमान सेवा मिलेगी। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट प्रशासन, रांची ने इस दिशा में अपनी कवायद शुरू कर दी है। एयरपोर्ट ने सभी एयरलाइंस कंपनियों से आग्रह किया है कि वह रात में भी अपनी सेवा दें, ताकि यात्रियों को सहूलियत होगी। इससे सुबह में भी ट्रैफिक लोड भी कम होगा। वर्तमान में रांची एयरपोर्ट से रोजाना औसतन 24 विमान उड़ान भर रहे हैं। साथ ही 7500 यात्रियों का रोजाना एयरपोर्ट पर आवागमन होता है। फ्लाइट की संख्या में वृद्धि होने से यात्रियों को सहूलियत होगी।

**नाइट पार्किंग को एयरपोर्ट प्रबंधन ने कर रखा है निशुल्क :** एयरपोर्ट प्रबंधन ने एयरलाइंस कंपनियों को कहा है कि वह रात में अपनी विमान सेवा के लिए नाइट पार्किंग भी कर सकते हैं। इसके लिए कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। पूरी तरह से निश्शुल्क रहेगा। सिर्फ जो वैट लगता है, वहीं देना होगा। पार्किंग की पूरी व्यवस्था इसी दृष्टि से रांची एयरपोर्ट पर की गई है। एक साथ आधा दर्जन से अधिक फ्लाइट की पार्किंग एयरपोर्ट पर हो सकेगी।

**भोर में मिल सकेगी उड़ान सेवा :** इससे फायदा यह होगा कि भोर में सुबह चार बजे फ्लाइट उड़ान भर सकेगा। वर्तमान में सुबह में आने वाली फ्लाइट दिल्ली, पुणे और बेगलुरु से आने के बाद ही यात्रियों को अपने गंतव्य स्थल जाने का इंतजार करना पड़ता है। यानि आठ बजे से ही रांची में पहली फ्लाइट उड़ान भरती है।

**कुछ एयरलाइंस कंपनियां कर रही है इस पर विचार :** एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा आग्रह किए जाने के बाद कुछ एयरलाइंस कंपनियां इस दिशा में विचार कर रही हैं। जल्द ही इसकी सेवा शुरू हो जाएगी। फ्लाइट की कमी की मजबूरी के कारण नई फ्लाइट की सेवा शुरू नहीं हो पा रही है। कोविड के दौरान कई फ्लाइट खड़े हो गए थे। इंजन पुराने होने से खराब हो गए थे। जैसे-जैसे नए इंजन उपलब्ध कराए जा रहे है। वैसे-वैसे फ्लाइट की सेवा शुरू हो रही है।

## रिम्स पुराने इमरजेंसी के पास से हटाए गए निजी एंबुलेंस

**रांची :** रिम्स के पुराने इमरजेंसी के पास से निजी एंबुलेंस को हटा दिया गया है। यहां एंबुलेंस और डाक्टरों के लिए आने जाने व रास्ते पर अवैध एंबुलेंस चालकों ने कब्जा जमा रखा था, जिससे मरीजों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। ट्राली को भी इस जगह से ले जाने में परेशानी होती थी। इस वजह से जाम की समस्या बनी रहती थी। प्रबंधन के द्वारा सोमवार को अवैध एंबुलेंस को बाहर का रास्ता दिखाया गया। होमगार्ड के जवानों ने सभी अवैध एंबुलेंस को बाहर हटवाया और परिसर को जाम मुक्त बनाया। मालूम हो कि रिम्स परिसर में दर्जनों की संख्या में प्राइवेट एंबुलेंस चालकों का कब्जा है। जो यहां के गरीब मरीजों झूठा सस्ते एंबुलेंस का लालच देते थे और मोटी रकम वसूल लेते थे। इसकी भी कई बार शिकायत प्रबंधन के पास की जा चुकी है। यहां एंबुलेंस को भी रेट चार्ट तय नहीं है, जिस वजह से मरीजों से मनमानी वसूली की जाती है। रिम्स के जनसंपर्क अधिकारी डा राजीव रंजन ने कहा कि परिसर को जाम मुक्त बनाने के लिए प्रबंधन के द्वारा एंबुलेंस को हटाया गया है।

### विवाद सुलझाने की केंद्रीय नेतृत्व से की मांग

## निलंबन खत्म करने के लिए कैश कांड में फंसे तीनों कांग्रेसी विधायकों ने लगायी गुहार

**संवाददाता, रांची।**

कैश कांड में फंसे झारखंड कांग्रेस के विधायक डॉ इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाडी खुद को संस्पेंशन (निलंबन) मुक्त करने की जुगत में हैं। इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से गुहार लगायी है। सोमवार को तीनों विधायक दिल्ली पहुंचे और कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह सांसद केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की। इनकी मुलाकात कराने में झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने पहल है। तीनों विधायक ने सारे विवाद सुलझाने की भी केंद्रीय नेतृत्व से गुहार लगायी है।



**सस्पेंशन जल्द वापस करने का मिला संकेत : इरफान :** वेणुगोपाल से मुलाकात के बाद विधायक राजेश कच्छप ने बताया कि पूरे मामले को लेकर काफी देर तक प्रभारी से बातचीत की और पूरे मामले से अवगत कराया। जामताड़ा विधायक डॉ इरफान अंसारी ने वेणुगोपाल को बताया कि कैश कांड से जुड़े पूरे मामले को झारखंड हाईकोर्ट ने गलत करार देते हुए जीरो प्राथमिकी को निरस्त कर दिया है। इरफान के कहा, राष्ट्रीय महासचिव ने विधायकों के सस्पेंशन को जल्द वापस करने का संकेत दिया है।

**हाईकोर्ट ने निरस्त किया था जीरो एफआईआर :** बीते 3 मार्च को कैश कांड में फंसे कांग्रेसी विधायकों को झारखंड हाईकोर्ट से राहत मिली थी। कोर्ट ने अरगोड़ा थाने में दर्ज जीरो प्राथमिकी को निरस्त कर दिया था। तीनों विधायकों की कोलकाता में गिरफ्तारी के बाद कांग्रेस विधायक अनूप कुमार सिंह ने सरकार गिराने की साजिश में शामिल रहने का आरोप लगाते हुए इनके खिलाफ अरगोड़ा थाना में जीरो प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

डीसी ने नावाडीह पंचायत में निमार्णाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

# जल्द शुरू करें आंगनबाड़ी केन्द्र : उपायुक्त

**संवाददाता, रामगढ़।**

सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने गोला प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नावाडीह पंचायत में निमार्णाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में अब तक हो चुके कार्यों एवं अंतिम चरण के कार्यों का जायजा लेने के क्रम में जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने एवं मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू करने के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी गोला, अंचल अधिकारी गोला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



निर्माणाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

गौरतलब हो कि बच्चों को जीवन की शुरूआत से ही विकास की दिशा में आगे बढ़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा डीएमएफटी के माध्यम से अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 नए मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। कार्य अंतिम चरण में है एवं जल्द ही महिलाओं व बच्चों के लिए आंगनबाड़ी केंद्र उपलब्ध होगा। मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों में वर्तमान समय की जरूरतों के हिसाब से तमाम सुविधाएं होंगी।

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं, जल्द निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

**संवाददाता, रामगढ़।**

सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ सुश्री माधवी मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की।



जनता की समस्या सुनती उपायुक्त। ● द फोटोन न्यूज

इस दौरान लोगों ने भूमि विवाद, आवास, नामांकन, विभिन्न योजनाओं के लाभ सहित अपनी विभिन्न समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

टाटीसिलवे में एक्यूप्रेसर निःशुल्क चिकित्सा शिविर

# एक्यूप्रेशर से सभी बीमारियों का इलाज संभव : डॉक्टर मधुसूदन

**संवाददाता, रांची।**

झारखंड एक्यूप्रेशर दिवस के अवसर पर एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे कि ओर से रविवार को टाटीसिलवे ईएफ मैदान निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया है। इस मौके पर मुख्य अतिथि में जैप के डीएसपी मनोज कुमार व विशिष्ट अतिथि टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली द्वारा केक काटर उद्घाटन किया। मौके पर शाखा के संचालक सह सचिव डॉ मधुसुदन पांडेय ने कहा उक्त सेंटर में एक्यूप्रेसर के माध्यम से शुगर, बीपी, थायराइड, किडनी, लीवर सहित अन्य विभिन्न प्रकार के बीमारियों का इलाज एक्यूप्रेशर के माध्यम से इलाज किया जाता है। इस पद्धति के द्वारा कई जटील रोगियों का इलाज कराने के बाद ठीक हो चुके हैं।




शिविर का उद्घाटन करते जैप डीएसपी। ● द फोटोन न्यूज

डॉ पाण्डेय ने कहा कि एक्यूप्रेशर के माध्यम से शुगर, बीपी व अन्य बीमारी का इलाज संभव हो सकता है। उन्होंने बताया कि शुगर व बीपी बीमारी में अल्कलाइन वाटर का प्रयोग करने से काफी लाभ पहुंचता है। अल्कलाइन वॉटर बनाने के तरीके इस प्रकार से 200 एमएल पानी, दो कली लहसुन, दो छोटे टुकड़े अदरक व चार बूंद नींबू रस को डालकर रात्रि के समय डालकर छोड़ दें। उसे सुबह उठकर पीने से मरीज को सीधा लाभ होगा।

एक्यूप्रेसर चिकित्सा में डॉ बलराम महतो, डॉ नरेश महतो, डॉ रूपमनी डॉ सरस्वती, डॉ प्रिति, डॉ संदीप कुमार पांडेय, डॉ दीपक कुमार, डॉक्टर महेश प्रजापतिसहित कई अनुभवी चिकित्सक की मौजूदगी में इलाज किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क जांच कर शुगर व बीपी रोकथाम के लिए एक्यूप्रेशर के पद्धित के माध्यम से इलाज कर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही एक्यूप्रेशर के माध्यम से कई जटील से जटील बीमार इलाज के साथ उपयोगों की जानकारी दी जाएगी।

# इस्लामिया उच्च विद्यालय रिभर साईड में दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन, दर्जनो लोग हुए शामिल

लोगों ने एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का उठाया लुत्फ

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

सद्भावना मंच के तत्वावधान में इस्लामिया उच्च विद्यालय रिभर साईड भुरकुंडा के प्रांगण में दावेत इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, राजेश वर्मा, जानकी ठाकुर, भाजपा नेता संतन सिंह, शेखर राज आदि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि इस ऐसे आयोजना भाईचारगी, प्रेम व एकता का संदेश देता है। इसमें विभिन्नताओं में भी एकता झलकती है। कहा गया कि सद्भावना मंच का यह कार्य काफी सराहनीय है।

अंजुमन इस्लामिया रिभर साईड के सचिव नसीम अख्तर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए रोजा के बारे में कहा कि यह पवित्र महीना है, जिसमें कुरान अवतरित हुआ। यह शान्ति, प्रेम, एकता, भाईचारगी और आपसी सोहार्द्र का सन्देश देता है।

मौके पर उपस्थित लोगों ने इफ्तार पार्टी में एक से बढ़कर एक लजीज व्यंजनों का लुत्फ उठाया। दावेत इफ्तार में सचिव नसीम अख्तर, राहुल कुमार, अभय यादव, विनय राज, डॉ. क्यू अली, एसजे अख्तर, आई आलम, शमीम, साकीब, रफीक, सुफियां, हारूण, एच कासमी, शफीउीन, खुर्शीद अनवर, रमीज, मो. इजहार, नौशाद सहित लगभग 80 लोग शामिल हुए।



दावते इफ्तार पार्टी में शामिल लोग। ● द फोटोन न्यूज

# डीसी के घर के सामने सड़क पर बैठे बीएड के छात्र, सिटी सेंटर से बैंक मोड़ तक जाम

**संवाददाता, धनबाद।**

विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के बीएड सेमेस्टर 2 के छात्रों ने पहले यूनिवर्सिटी में जमकर हंगामा किया और मेन गेट पर ताला जड़ दिया। हंगामे के बाद भी विश्वविद्यालय की ओर से संतोषप्रद जवाब ना मिलने से नाराज छात्रों का हुजूम बेकारबांध पहुंच गये और डीसी के घर के पास बीच सड़क पर बैठ गए। सिटी सेंटर से बेकारबांध को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राओं के बैठ जाने से सिटी सेंटर से बैंक मोड़ तक ट्रैफिक जाम हो गया है। दोनों लेन ब्लॉक हो जाने से चार-पांच किलोमीटर तक गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई है।



हजारों की संख्या में सड़क पर बैठी छात्राएं। ● द फोटोन न्यूज

बीएड छात्र-छात्राओं के आंदोलन में एनएसयूआई भी कूद गया है। एनएसयूआई के दर्जनों कार्यकर्ता बीएड छात्र-छात्राओं के समर्थन में बीच सड़क पर बैठ गए हैं। सिटी सेंटर बेकारबांध रोड शहर का व्यस्ततम मार्ग है। इसके अवरुद्ध हो जाने से पूरे शहर में जाम की स्थिति हो गई है।

विश्वविद्यालय ने हाल में बीएड सेमेस्टर 2 का रिजल्ट जारी किया है। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय ने जानबूझकर 50 फीसद छात्र छात्राओं को फेल कर दिया है। इसे लेकर शनिवार को भी विश्वविद्यालय में 3-4 घंटे तक हंगामा हुआ था। कुलपति सचिवालय में धक्का-मुक्की भी हुई थी।

शनिवार को विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के आश्वासन पर छात्र लौट गए थे। सोमवार को बीएड छात्र-छात्राएं दोबारा विश्वविद्यालय पहुंचे तो उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला। इससे नाराज होकर हंगामा करने लगे। नाराज छात्र छात्राओं ने मेन गेट पर ताला जड़ दिया। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में छात्र बेकारबांध चले गए और मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर बीच सड़क पर बैठ गए। छात्रों से बात करने विश्वविद्यालय की ओर से अब तक कोई मौके पर नहीं गया है। पुलिस उन्हें सड़क जाम हटाने कह रही है। पर नाराज छात्र मानने को तैयार नहीं है। उनका कहना है जब तक विश्वविद्यालय की ओर से संशोधित रिजल्ट जारी नहीं होगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

## खूंटी : अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ रामनवमी महोत्सव संपन्न

**संवाददाता, खूंटी।**

अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ ही सोमवार को खूंटी में रामनवमी महोत्सव का समापन हो गया। केंद्रीय रामनवमी महासमिति के तत्वावधान में नेताजी चौक खूंटी के अखाड़े में रविवार की रात आयोजित पारंपरिक अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का समापन सोमवार को हुआ।

रात भर चली इस अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में खूंटी के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही रांची और पश्चिमी सिंहभूम जिले से 29 मंडलियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्री महावीर मंडली जगन्नाथपुर और यूथ क्लब कडरू रांची को संयुक्त रूप से मिला। द्वितीय पुरस्कार पवन मंडली सिंहभूम एवं महावीर मंडल न्यू विकास क्लब हटिया को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया।

इसी प्रकार तृतीय पुरस्कार न्यू स्टार क्लब हरिजन बस्ती मुरहू एवं श्रीराम तुलसी मंडली शिवालय रोड खूंटी को मिला। नवमी की शोभायात्रा में उत्कृष्ट बाजा का प्रथम पुरस्कार राम सेवा समिति को मिला। शोभायात्रा में शामिल झांकियों में प्रथम पुरस्कार मिलन क्लब, द्वितीय पुरस्कार क्रांतिकारी युवा मोर्चा मिश्रा टोली एवं तृतीय पुरस्कार विशाल शक्तिशाली युवा मोर्चा डहुगुटू और राम सेवा समिति को संयुक्त रूप से मिला। नवमी शोभायात्रा में सर्वप्रथम आनेवाले अखाड़ों में स्टार क्लब चौधरी मोहल्ला खूंटी को पुरस्कृत किया गया। नगर सज्जा में राम सेवा समिति को पुरस्कृत किया गया।

शोभायात्रा में नारी शक्तियों द्वारा भागीदारी कर शोभायात्रा को भव्य रूप प्रदान करने के लिए गायत्री परिवार की महिलाएं, राम सेवा समिति की बहनें और शिव शक्ति मंडली बगड़ू की बहनों को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाली मंडलियों के बीच पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने किया।

## खूंटी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर आठ अप्रैल को

**संवाददाता, खूंटी।**

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखंड, रांची के निर्देश के आलोक में रिनपास की ओर से आठ अप्रैल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, खूंटी में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। खूंटी के सिविल सर्जन डॉ अजीत खलखो ने बताया कि जिले के आमजन मानसिक स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक संख्या में आकर अपने मासिक स्वास्थ्य की जांच करा सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिविर में विशेषाज्ञ चिकित्सकों की सेवा का लाभ उठाएं। मानसिक रोगियों की जांच रिनपास, कांके, रांची के चिकित्सकों की टीम द्वारा की जाएगी।

अनमोल बचपन स्कूल में मना वेलकम डे, पूजा-अर्चना सहित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

# अभिभावकों व शिक्षकों ने बच्चों की प्रतिभा को सराहा

**भुरकुंडा (रामगढ़)।**

पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एसएससी कैंपस में अवस्थित अनमोल बचपन प्ले स्कूल में सत्र 2023 से 24 में नामांकन लेने वाले विद्यार्थियों के लिए सोमवार को वेलकम डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम पूजा-अर्चना एवं मां सरस्वती की वंदना की गई। पूजा-अर्चना में शामिल अभिभावक व दर्जनों नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मां सरस्वती का आशीर्वाद लेकर सत्र 2023-24 में पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के निदेशक अवधेश कुमार सिंह के



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते निदेशक व उनके पिता। ● द फोटोन न्यूज

पिता हरिवंश सिंह व विद्यार्थियों के माता-पिता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सत्र 2022-23 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निदेशक ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। मौके पर निदेशक अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और संस्कार देना हमारी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने व उनके सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन हर सार्थक कदम उठाती रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिका उर्मिला कुमारी, काजल कुमारी, भूमि कुमारी, नमिता मिश्रा, ममता कुमारी, सुशीला एंथोनी का विशेष योगदान रहा।

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व शिक्षक के निधन पर शोक

**रजरप्पा :** प्राथमिक विद्यालय, छोटकी लारी में सोमवार को पूर्व शिक्षक सूरज करमाली के आकस्मिक निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति तथा शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहन करने का धैर्य प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उन्हें श्रद्धांजली दी गई। मौके पर प्राचार्य भोला करमाली, सेवानिवृत्त प्राचार्य पुन्नु राम नायक, कृपाल महतो, मोगिश अहमद, किष्टो महतो सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### राधा कृष्ण मंदिर में हरी कीर्तन सह भण्डरे का आयोजन

**रांची :** इस्कॉन कमड़े सेंटर रांची कि ओर से रविवार को नामकुम रेलवे स्टेशन स्थित एमईएस प्लांट के क्वार्टर स्थित राधा कृष्ण मंदिर में हरि नाम का हरी कीर्तन के भण्डारा का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान आस-आस के सैकड़ों की संख्या में हरे कृष्णा, हरी हरी हरे, कृष्णा के महामंत्र गुंज गया। भजन-कीर्तन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामनिवास के नेतृत्व में भूति गोविंद दास, शैलेश, रवि रंजन,भोला, प्रेम प्रकाश, हिमाशु शेखर,कुणा देव नाथ,पूनम माताजी, रूप श्रीमाता जी मण्डली के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस दौरान सैकड़ों भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण हुआ प्रसाद वितरण किया गया।

### महर्षि निखिलेश स्कूल में मनाया गया वार्षिक महोत्सव

**रांची :** महर्षि निखिलेश सेवा संस्था द्वारा संचालित महर्षि निखिलेश पब्लिक स्कूल कांके प्रखंड के पिठोरिया में वार्षिक उत्सव सोमवार को धूमधाम से मनाया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ विभा झा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर स्कूली छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। बच्चों के द्वारा हिंदी एवं नागपुरी गाने पर किया गया नृत्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। इस विद्यालय के शिक्षक अर्थक मेहनत कर बच्चों को सर्वांगीण विकास करने का कार्य कर रहे हैं। सभी शिक्षक प्रशंसा के पात्र हैं। इस कार्यक्रम में उमाशंकर, गिरिजेश रॉय नीता दास, बेबी देवी, सुनीता विश्वकर्मा, सुनील, राकेश, अनूप एवं रंजीता सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बारलोंग में सरहुल पूजा को लेकर कमेटी का हुआ गठन

**रजरप्पा :** सरहुल पूजा को लेकर ग्राम बारलोंग के सरना स्थल में एक बैठक रखी गई। जिसमें सभी ग्रामीण एवं सरहुल पूजा समिति के लोग उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि आगामी 9 अप्रैल को पूजा एवं महोत्सव मनाया जाएगा। इसको लेकर पदाधिकारीयों का चयनित किया गया, जिसमें अध्यक्ष पवन मुंडा, उपाध्यक्ष प्रताप मुंडा, सचिव प्रकाश बेदिया, सह सचिव कुंदन मुंडा, कोषाध्यक्ष दुबराज कुमार मुंडा, उप कोषाध्यक्ष आशीष मुंडा, संगठन मंत्री दिवाकर मुंडा, छोटेलाल मुंडा, महामंत्री शंकर मुंडा, प्रदीप मुंडा मुख्य संरक्षक, इंद्रजीत मुंडा पूर्व पंसस एवं बनवारी मुंडा पूर्व मुखिया संरक्षक, गणेश रवि, मुन्ना मुंडा आदि मौजूद थे। कार्यकारिणी सदस्य में अजय बेदिया, रोहित मुंडा, मंजीत मुंडा, शीतल मुंडा, सनी मुंडा, बंटी कुमार बेदिया, मन्नू बेदिया, पंकज मुंडा, केवल मुंडा, राहुल मुंडा, संदीप मुंडा, शुभम मुंडा, रंजीत मुंडा, संजय मुंडा, आकाश सुदामा, रवि पहान, जय मुंडा, पंकज कुमार रवि, विजय मुंडा, कैलाश पहान आदि शामिल है।

### रैली के लिए किसान सभा के कार्यकर्ता हुए दिल्ली रवाना

**सिल्ली :** झारखंड की राजधानी रांची रेलवे स्टेशन से दिनांक 3 अप्रैल को दिल्ली किसान-मजदूर संघर्ष रैली के लिए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो, जिला सचिव दिवाकर मुंडा, राज्य कमिटी सदस्य विसमवर महतो, मंगल मुंडा, रीता स्वासी सहित किसान सभा के कार्यकर्ता दिल्ली के लिए रवाना हुए। यह जानकारी सुफल महतो ने दी ।

### अरुणुमा माडर्न पब्लिक स्कूल में नये सत्र का प्रारंभ

**सिल्ली :** अरूणुमा माडर्न पब्लिक स्कूल सिल्ली में नये सत्र का कक्षा आज दिनांक 3 अप्रैल 2023 से प्रारंभ हुआ। कक्षाओं में पुराने विद्यार्थियों के अतिरिक्त नये छात्रों का भी उपस्थिति शत प्रतिशत रहा। सभी छात्रों का स्वागत करते हुए गंगाजल छिड़क कर तिलक लगाया गया। छात्रों में उत्साह था।नये सत्र हेतु नामांकन जारी है । नये सत्र में नये भवन में कक्षाएं संचालित होना प्रारंभ हो गया है । विदित हो कि अरूणुमा माडर्न पब्लिक स्कूल अभिभावकों एवं छात्रों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यह जानकारी स्कूल के प्राचार्य राधेश्याम साहु ने दी ।

### कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह

**सिल्ली :** सोमवार को सिल्ली प्रखंड में कार्यरत कान्तु मुंडा कर्मचारी के सेवानिवृत्त होने पर उनके सम्मान में प्रखंड सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों के द्वारा उनके कार्यो की सराहना की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की गई । साथ ही साथ उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रमुख जितेन्द्र बड़ाईक, उपप्रमुख आरती देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा के अलावा कमलाकांत महतो, चौधरी महतो, बलराम सिंह मुंडा, चरकु मुंडा, प्रखंड के सभी पंचायत सेवक, जनसेवक, रोजगार सेवक, सेवा निवृत्त कर्मचारी के परिजन आदि उपस्थित थे ।

### मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज में प्राचार्य द्वारा हो रहे व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। कोल्हान छात्र संघर्ष मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज में प्राचार्य द्वारा हो रहे व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितता के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। साथ ही इस विषय में मुख्यमंत्री से उचित करवाई करवाने हेतु आग्रह किया गया है। मौके पर सोनू ठाकुर, राहुल कुमार, दीपक पाण्डेय, सूरज ओझा, शुभम विश्वकर्मा, अजय होनागा, कृष्ण कामत, पप्पू यादव, कुंदन, वीरेंद्र कुमार, अभिषेक झा, हिमांशु, सूरज कुमार और अन्य उपस्थित थे।

### पिकअप वैन ने टेंपो को मारी टक्कर, एक की मौत

**गिरिडीह :** बगोदर थाना क्षेत्र के जीटी रोड अटका मस्जिद के पास सोमवार की सुबह तेज रफ्तार से अनियंत्रित पिकअप वैन ने रोड किनारे खड़ी टेंपो को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे टेंपो बगल में खड़े अटका निवासी 40 वर्षीय संजीत साव गंभीर रूप घायल हो गए। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। इसके पूर्व हादसे के बाद आसपास के लोगो ने साव को बगोदर ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद ग्रामीणो ने पिकअप वैन के चालक व उप चालक को बगोदर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने ट्रामा सेंटर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। मृतक के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की गई। पिकअप वैन बंगाल से सब्जी लेकर झुमरी तिलैया जा रही थी। इसी दौरान दुर्घटना हुई। बगोदर पुलिस मृतक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दी है। पिकअप वैन व टेंपो को जब्त कर थाना लाया जा रहा है। साव के स्वजनों सका रो-रो कर बुरा हाल है।

### पुलिस मुठभेड़ में पांच नक्सली मारे गए

**चतरा :** जिले से सटे सीमा पर लावालौंग थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और भाकपा माओवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हो रही है। सुरक्षा बलों ने पलामू-चतरा सीमा पर माओवादियों खिलाफ अभियान शुरू किया था। इस अभियान में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन, जैप, आईआरबी के साथ-साथ पलामू और चतरा के जिला बल को लगाया गया था। एंटी नक्सल अभियान के दौरान पलामू-चतरा सीमा पर सुरक्षा बल और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पांच नक्सलियों को मारे जाने सूचना है। हालांकि अधिकारिकतौर पर इसकी पुष्टि नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक की ओर से फिलहाल मामले की जांच कराई जा रही हैं।

### मुठभेड़ में पुलिस ने महत्वपूर्ण सामग्री को किया बरामद

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस और टीएसपीसी उग्रवादियों के बीच छतरपुर थाना क्षेत्र के हुलसुम जंगल में सोमवार की शाम मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में पुलिस को भारी पड़ता देख कर नक्सली अपना दैनिक उपयोग का सामान छोड़कर भाग निकले। डीएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि नक्सली शशिकांत और रंजन के दस्ते से मुठभेड़ हुई। पुलिस ने भारी मात्रा में कई महत्वपूर्ण सामग्री को बरामद किया है।

### गिरिडीह में चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गिरिडीह :** साइबर थाना प्रभारी आदिकांत महतो और अहिल्यापुर थाना प्रभारी के संयुक्त छापामारी में साइबर अपराध करते चार अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सोमवार को डीएसपी संजय राणा ने पपरवाटांड़ स्थित अपने कार्यालय से प्रेस वार्ता में बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में गांडेय थाना क्षेत्र के प्रेमचंद्र मंडल शिवचरण मंडल मिथुन मंडल और जमतारा जिला के आनंद मंडल शामिल है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 18 मोबाइल, 40 सिम कार्ड और दो हजार रुपए भी बरामद किया गया है। डीएसपी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक तथा साइबर पुलिस उपाधीक्षक के निर्देश पर साइबर अपराध के विरुद्ध साइबर थाना प्रभारी के नेतृत्व में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दो अप्रैल को छापेमारी के क्रम में गांडेय थाना क्षेत्र के रकसकूटो गांव में प्रेमचंद्र मंडल के घर से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। बताया गया कि इन लोगों द्वारा लिंक का बल्क मैसेज भेजने, लिंक से ओटीपी पासवर्ड प्राप्त कर बैंकिंग एप से ठगी करने का साक्ष्य पाया गया है। साथ ही लगभग एक लाख लोगों का बैंकिंग डिटेल भी इन लोगों के मोबाइल से बरामद किया गया। बताया गया कि सभी के विरुद्ध कांड दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

### ऑटो पलटने से एक की मौत, विरोध में सड़क जाम

**धनबाद :** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के समीप जीटी रोड पर सोमवार को एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इससे ऑटो सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य यात्री घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ऑटो राजगंज के मदयाडीह से धनबाद जा रही थी। इसी दौरान ऑटो कल्याणपुर के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चीखपुकार मच गई। मौके जूट ग्रामीणों ने तत्तकाल घायल व्यक्ति को इलाज के धनबाद भेजा। वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने मृत यात्री के शव को उठाने नही दिया। ग्रामीण मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। साथ ही जीटी रोड पर स्थित घनी आबादी वाले क्षेत्रों में वाहनों की तेज रफ्तार पर रोक लगाने की मांग की। इसके बाद पुलिस के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव पुलिस को सौंपा।

## ब्रीफ न्यूज

### बिहार के सासाराम में बम विस्फोट

**पटना :** बिहार के सासाराम में आज (सोमवार) तड़के नगर थाना क्षेत्र के मोची टोला मुहल्ले में छेदीलाल की गली में हुए बम विस्फोट से लोग दहशत में हैं। पुलिस के मुताबिक विस्फोट के निशान एक दीवार पर साफ दिख रहे हैं। विस्फोट की तीव्रता काफी कम थी। जबकि स्थानीय नागरिकों ने दावा किया है कि आवाज इतनी तेज थी कि महिलाएं और बच्चे सहम गए। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी और एसपी मौके पर पहुंचे। सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार का कहना है कि यह सुतली बम था। पूरी गली में पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। रामनवमी जुलूस के बाद दो पक्षों के बीच उपजे विवाद के बाद हुए उपद्रव के बाद तीसरे दिन रविवार को भी प्रभावित इलाकों में दुकानें बंद रहीं। इंटरनेट सेवा भी बाधित है।

### नवादा में पति ने गला काटकर की हत्या

**नवादा :** बिहार के नवादा में सनकी पति ने अपनी पत्नी की सोमवार को धारदार हथियार से काट कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पूरे इलाका में कोहराम मच गया है। मामला नक्सल प्रभावित इलाका सिरदला थाना क्षेत्र के तारण गांव का है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही हैं। बताया जाता है कि 3 साल से पति पत्नी के बीच जमकर विवाद चल रहा था और विवाहिता को प्रताड़ित किया जा रहा था। लेकिन अचानक पुलिस को सूचना मिली कि एक महिला का शव खेत में पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस शव की जांच में जुट गई है। हालांकि हत्या के बाद पति फरार हो गया हैं। पुलिस का मानना है कि नाजायज संबंध के कारण ही 3 वर्षो से पति पत्नी के रिश्ते बहुत ही तनावपूर्ण थे ।दोनों के बीच कई बार मारपीट की घटना हो चुकी थी ।जिसे आपसी पंचायती कर मामले को सुलझाया जाता रहा है । यही कारण रहा होगा जिस कारण पति ने पत्नी की हत्या कर दी। घटना के दोषी का पता लगाया जा रहा है जिसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिजनों का भी आरोप है कि इसके पति ने ही गला काटकर हत्या की है ।इसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### सात से नौ अप्रैल तक सभी अनुमंडल में होगा जदयू का भीम संवाद

**बेगूसराय :** जनता दल यूनाइटेड (जदयू) द्वारा सात से नौ अप्रैल तक बेगूसराय जिला के सभी पांच अनुमंडलों में अनुमंडल स्तरीय भीम संवाद का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बिहार सरकार के मंत्री और पार्टी के वरीय नेता भी उपस्थित रहेंगे। जिलाध्यक्ष रूदल राय ने सोमवार को बताया कि जदयू का भीम संवाद जिले के सभी पांच अनुमंडल में होगा। जिसका स्थान और समय निर्धारित किया गया है। संवाद को बिहार विधानसभा उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी, मंत्री सुनील कुमार, विधायक रत्नेश सदा, पूर्व सांसद कैलाश बैठा, पूर्व विधान पार्षद राजेश राम एवं प्रमंडलीय प्रभारी मुकेश विद्यार्थी सहित प्रदेश से लेकर स्थानीय स्तर तक के अन्य नेता संबोधित करेंगे। सात अप्रैल को 11 बजे से तेघड़ा अनुमंडल का भीम संवाद मध्य विद्यालय महेशपुर में होगा। आठ अप्रैल को 11 बजे से बखरी अनुमंडल के सोनमा दुर्गा स्थान एवं दो बजे से मंझौल अनुमंडल के कपूरी सभागार खोदावंदपुर में संवाद होगा। नौ अप्रैल को 11 बजे से बेगूसराय अनुमंडल के बगडोव उच्च विद्यालय के मैदान एवं दो बजे से बलिया अनुमंडल के राज दरबार विवाह भवन बलिया में संवाद होगा। भीम संवाद कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अनुमंडल में प्रभारी प्रदेश नेतृत्व द्वारा बनाए गए हैं। तेघड़ा अनुमंडल का प्रभारी अरविंद पासवान, बखरी अनुमंडल का प्रभारी उपेन्द्र पासवान, मंझौल अनुमंडल का प्रभारी महेन्द्र दास, बेगूसराय अनुमंडल का प्रभारी अनिल कुमार राम एवं बलिया अनुमंडल का प्रभारी विनोद मल्लिक को बनाया गया है।

### वाहन जांच दौरान चोरी के बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बगहा :** बगहा पुलिस अधीक्षक, बगहा किरण कुमार गोरख जाधव ने सोमवार को प्रेस वार्ता करके बताया है कि मेरे निर्देश के आलोक में बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सभी थाना द्वारा विधि-व्यवस्था के मद्देनजर विशेष वाहन जांच अभियान चलाया रहा था। जिसमें ठकराहा थाना के द्वारा भी वाहन जांच किया जा रहा था। एसपी ने बताया कि जांच के क्रम में एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाईकिल बजाज प्लेटीना के साथ एक व्यक्ति को 2 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर छापेमारी किया गया, तो चोरी का सुपर स्प्लेण्डर मोटरसाईकिल के साथ दुसरे व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

### ऑटो दुर्घटना में दो महिला समेत तीन की मौत

**बांका :** बांका-पोखरिया मुख्य मार्ग पर दुधारी पुल समीप सोमवार को भीषण सड़क हादसे में दो महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गयी। जबकि इस घटना में तीन महिला समेत चार लोग गंभीर रुप से जख्मी हो गये। मृतकों में जमुई जिले के लक्ष्मीपुर थाना अंतर्गत काला विशनपुर गांव की शारदा देवी(65 ) पति फूलेश्वर पासवान, प्रसादी यादव(70 ) पिता स्व. झापड़ यादव, जमुई जिले के ही दुबरातरी गांव की उषा देवी(45 ) पति बालदेव राम के है। जानकारी के अनुसार जमुई जिला से एक ऑटो तेज रफ्तार से बांका की ओर आ रही थी। इसी दौरान घटनास्थल के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक ताड़ के पेड़ से जा टकरायी। जिसमें उक्त तीनों की मौत मौके पर ही हो गयी। जबकि इस घटना में ऑटो पर सवार जमुई जिला के काला विशनपुर गांव की तारा देवी, मंजू देवी, चंपा देवी व एतवारी पासवान गंभीर रुप से जख्मी हो गये।

# गंगा स्नान करने जा रहे किसान को बेखौफ बदमाशों ने मारी गोली

**संवाददाता, बेगूसराय।**

बेगूसराय में बेखौफ बदमाशों ने सोमवार को गंगा स्नान करने जा रहे एक किसान को गोली मारकर घायल कर दिया। सिर (कनपटी) में गोली लगने के कारण गंभीर रूप से घायल किसान को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के बबूरबन्ना तोला सिहमा की है। घायल किसान की पहचान बबुरबन्ना टोला के ही निवासी स्व. सागर सिंह के पुत्र राजू सिंह के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की छानबीन तथा बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी कर रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजू सिंह प्रत्येक दिन की तरह सोमवार को भी सुबह करीब पांच बजे घर से निकल कर बगल के ही घाट पर गंगा स्नान करने जा रहा था।

इसी दौरान बदमाशों ने रोककर पिटाई करनी शुरू कर दी। पिटाई का विरोध करने पर सिर में गोली मार दिया। गोली की आवाज सुनकर दौड़े परिजन स्थानीय लोगों के प्रयास से उसे उठाकर डॉ. अशोक शर्मा के अस्पताल ले गए। जहां उसे भर्ती कराया गया है, लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है। फिलहाल घटना के कारणों का कुछ पता नहीं चल रहा है तथा घायल के होश में आने के बाद ही इसका कुछ खुलासा होगा।

मटिहानी थानाध्यक्ष विवेक भारती के मुताबिक गोलीबारी की सूचना मिलते ही मामले की छानबीन और घटना में शामिल अपराधी की गिरफ्तारी पर छापेमारी की जा रही है। प्रथम द्दष्टया रुपया के लेनदेन में गोली चलने की बात सामने आई है।

## मोतिहारी में अपराधियों ने पैक्स अध्यक्ष को मारी गोली, लूटे 3.50 लाख रुपये

**संवाददाता, मोतिहारी।**

जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के बेलवा माधव के समीप सोमवार की सुबह अपराधियो ने पैक्स अध्यक्ष व ट्रक संचालक को गोली मारकर 3.50 लाख रुपये लूट कर फरार हो गये।जिनका इलाज मोतिहारी शहर के एक निजी नर्सिंग होम में चल रहा है।फिलहाल वे खतरे के बाहर बताये जा रहे है।

घटना की सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर एसआईटी गठित करते हुए लगातार छापेमारी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार घटना स्थल जिले के दो थाना क्षेत्र के बीच की है,लिहाजा कोटवा तथा डुमरियाघाट थाना की पुलिस भी मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुटी है,साथ ही सदर डीएसपी रामपुकार सिंह के नेतृत्व में पुलिस की टीम लगातार अपराधियों का पीछा कर रही है।

घटना के सबंध में बताया गया कि चिरैया थाना के खड़तरी के पैक्स अध्यक्ष संजय राय का ट्रक आरा जिले में ओवरलोडिंग में पकड़ा गया है,जिसकी जुमार्ना की राशि लेकर पैक्स अध्यक्ष संजय राय अपने एक दोस्त पवन गुप्ता के साथ कार से आरा जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वे एनएच-27 पर बेलवा माधव के समीप पहुंचे,तो दो बाइक पर सवार चार अपराधियों ओवरटेक कर पहले हवा में एक राउंड फायरिंग की। फिर संजय को गोली मार कर घायल करते हुए उनसे 3 लाख 50 हजार रुपये लेकर फरार हो गए।

सदर डीएसपी रामपुकार सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पूरे जिले की नाकेबंदी करते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।जल्द ही अपराधी गिरफ्त में होगे।

## नवादा में सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

**संवाददाता, नवादा।**



घायलों को देखने जुटी भीड़। ● द फोटोन न्यूज

नवादा जिले के कौआकोल-महुडर मुख्य पथ पर सोमवार को मधुरापुर गांव के पास दो बाइक के आपस में टक्कर हो जाने से बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई,जबकि चार अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार महुडर की ओर से तीव्र गति से दो बाइक सवार युवक मधुरापुर गांव के मोड़ से आगे आपस में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक पर सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद आनन फानन में स्थानीय लोगों द्वारा सरकारी एम्बुलेंस मंगवाकर एवं निजी वाहन से सभी घायलों को कौआकोल पीएचसी में भर्ती करवाया। बुरी तरह घायल जोगाचक गांव निवासी देवनन्दन यादव के 20 वर्षीय पुत्र कौशल कुमार की स्थिति अत्याधिक गंभीर रहने के कारण उसे तुरंत रेफर कर दिया गया,जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।

अन्य घायलों में शामिल पचम्बा गांव निवासी नंदकिशोर यादव के 28 वर्षीय पुत्र विकास कुमार,उत्तरवारी धमनी गांव निवासी जहांगीर यादव के 20 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार,एवं गुआघोघरा गांव निवासी अनिल यादव के पुत्र सोनु कुमार एवं स्वर्गीय दरोगी यादव के पुत्र जीवन कुमार को कौआकोल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद नवादा रेफर कर दिया गया।

## हिंसा को लेकर बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में विपक्ष का जोरदार हंगामा

**संवाददाता, पटना।**



हंगामा करते विपक्षी नेता। ● द फोटोन न्यूज

बिहार में रामनवमी जुलूस के दौरान हुई हिंसा को लेकर बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों में सोमवार को विपक्षी भाजपा ने जोरदार हंगामा किया। इस वजह से आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने के लिए अपना रास्ता बदलना पड़ा।

विधानसभा के बाद जैसे ही विधान परिषद की कार्यवाही शुरू हुई तो विरोधी दल के सदस्यों ने हिंसा को लेकर भारी हंगामा शुरू कर दिया। विधान परिषद के बाहर भी भाजपा के सदस्यों ने जोरदार हंगामा किया। हंगामे के बीच सीएम नीतीश परिषद की कार्यवाही में शामिल होने के लिए पहुंचे, लेकिन भाजपा का हंगामा देखकर उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया और दूसरे रास्ते से परिषद पहुंचे।

बिहार में नवरात्र के मौके पर हुए जुलूस में पथराव और दंगे का पूरा असर आज बिहार विधान मंडल के अंदर दिखा। बिहार विधान मंडल की कार्यवाही के दौरान जोरदार हंगामा हुआ। बिहार विधानसभा की कार्यवाही विपक्ष के हंगामे की वजह से स्थगित करनी पड़ी। दूसरी तरफ, बिहार विधान परिषद में सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो भाजपा के सदस्यों ने यहां भी जोरदार प्रदर्शन शुरू कर दिया।

विधानसभा की कार्यवाही स्थगित होने के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने के लिए निकासी गेट से विधानपरिषद जाने के लिए पहुंचे, जिसके बाद कुछ देर के लिए असमंजस की स्थिति बन गई।

मुख्यमंत्री अक्सर विधानसभा में मुख्य गेट से या विधानमंडल के विस्तारित भवन की तरफ से आते हैं, लेकिन आज सीएम ने भाजपा के हंगामे की वजह से रास्ता बदल लिया और वापस विधानसभा के पोर्टिको पहुंचे और वहां से परिषद के अंदर चले गए। इस दौरान नीतीश भाजपा के प्रदर्शन से बचते नजर आए।

## 21 बाजार समितियों का होगा विकास, दूसरी मंडियों से जुड़कर किसान कर सकेंगे कारोबार

**संवाददाता, पटना।**

बिहार में बाजार समितियों को आधुनिक बनाने का काम पिछले साल से चल रहा है। जल्द ही एक ही छत के नीचे किसानों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। काम में तेजी लाने के लिए कृषि विभाग ने 21 बाजार समितियों के विकास हेतु 840 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। 12 बाजार समितियों को दूसरी किश्त के रूप में लगभग 300 करोड़ रुपये, जबकि, नौ बाजार समितियों को पहली किश्त के रूप में 540 करोड़ रुपया मुहैया कराया जाएगा।

बाजार समितियों को अत्याधुनिक बनाने में जो खर्च आएगा उसका 95 प्रतिशत हिस्सा लोन के रूप में नाबार्ड देगा। इस राशि से आधारभूत संरचनाओं को विकसित किया जाएगा। मंडियों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही, उत्पाद की गुणवत्ता की जांच की भी सुविधा होगी।

### ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार से जुड़ेंगी बाजार समिति

बाजार समितियों को ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार (नेशनल एग्रीकल्चर मार्केट) से जोड़ा जाएगा। इससे किसान अपना अनाज देश के किसी भी मंडी से जुड़ कर बेच सकेंगे। ई-राष्ट्रीय कृषि बाजार एक ऑनलाइन वाणिज्य मंच है। इससे जुड़ कर देश स्तर पर होने वाले कृषि टेंडर में यहां के किसान सीधा हिस्सा ले सकेंगे। इससे किसानों को अपने उत्पाद का बेहतर मूल्य मिल सकेगा। इस कारण खेतों में ही कम कीमत पर अनाज बेचने वाले किसानों को भी लाभ होने की उम्मीद है।

### बाजार समितियों में बेचे जाएंगे यह आइटम

बाजार समितियों में फल मंडी, फूल मंडी, मछली मंडी, सब्जी मंडी समेत अनाज मंडी को भी आधुनिक तरीके से मॉडिफाई करने की योजना है। किसानों का माल खराब ना हो, इसके लिए कोल्ड स्टोरेज का निर्माण किया जाएगा। फिलहाल 21 बाजार समितियों के विकास हेतु सबसे अधिक (82.50 करोड़) रुपये, किशनगंज को सबसे कम (16 करोड़) रुपये दिए गए हैं। वहीं, राजधानी पटना की बात करें तो मुसल्लहपुर हाट के लिए 27.35 करोड़ की राशि उपलब्ध करवाई गई है।

## एसएसबी जवान ने फांसी पर लटक कर की खुदकुशी, जांच में जुटी पुलिस

**अररिया :** अररिया के बथनाहा एसएसबी 56 वीं बटालियन के जवान उत्तराखंड निवासी प्रकाश सिंह थायत की संदिग्ध अवस्था में शव मिला ।जवान के शव एसएसबी के पुराने बिल्डिंग में मिला ।दबे जुबान में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या की बात कही जा रही है ।हालांकि मामले को लेकर एसएसबी के कोई भी अधिकारी और जवान कुछ भी जानकारी देने से बच रहे हैं ।सूचना के बाद बथनाहा ओपी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भिजवा दिया है। एसएसबी 56वीं बटालियन बथनाहा में कार्यरत कांस्टेबल उत्तराखंड निवासी 40 वर्षीय प्रकाश सिंह थायत के फांसी लगाकर खुदकुशी की बात कही जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रत्येक दिन के भांति रविवार की शाम कैंप में पैरेड के दौरान जवान अनुपस्थित पाया गया। जिसके बाद प्रकाश सिंह थायत की खोजबीन की शुरू की गई ।एसएसबी के जवान और अधिकारियों ने खोजबीन के क्रम में देर रात्रि एसएसबी कैंप के ही एक पुराने बिल्डिंग में प्रकाश सिंह थायत कि फंदे से लटका शंव बरामद किया गया। इसके बाद घटना की सूचना बथनाहा ओपी पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची बथनाहा ओपी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए अररिया सदर अस्पताल भिजवाया। उत्तराखंड के रहने वाले प्रकाश सिंह थायत तीन दिन पहले ही एसएसबी मुख्यालय आया था।

## वन रैंक वन पेंशन-2 में संशोधन सहित पांच मुद्दों को लेकर पूर्व सैनिकों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता, बेगूसराय।**




विरोध प्रदर्शन करते पूर्व सैनिक। ● द फोटोन न्यूज

वन रैंक वन पेंशन-2 में विसंगति का आरोप लगाते हुए बिहार राज्य भूतपूर्व सैनिक संघ के बैनर तले सोमवार को पूर्व सैनिकों ने बेगूसराय में विरोध प्रदर्शन किया। कैंटीन चौक पर प्रदर्शन कर रहे भूतपूर्व सैनिक पांच सूत्री मांग कर रहे थे। प्रदर्शन के बाद मांग से संबंधित राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन डीएम को सौंपा गया है।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे भूतपूर्व सैनिक संघ के जिलाध्यक्ष कैप्टन रामकृष्ण पाठक एवं सचिव सूबेदार राजाराम पोद्दार ने कहा कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को अपनी व्यथा सुनाने सड़क पर उतरे हैं। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने वन रैंक वन पेंशन दिया। इससे खुश होकर देश के पूर्व सैनिकों ने हर घर जाकर भाजपा को वोट देने के लिए अपनों को प्रेरित किया। 2019 में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी।

उन्होंने कहा कि सेना के रिटायर अधिकारी की कुटिल नीति ने वन रैंक वन पेंशन-2 में आर्मी, एयरफोर्स, नेवी के रिटायर जवान जेसीओ का पेट काटने का काम किया है। शहीद की वीरांगनाएं जंतर मंतर दिल्ली में आकर खून की आसू रोते हैं। इसमें जवान जेसीओ के साथ हुए नाइंसाफी को लेकर देश के जवान जेसीओ का संगठन 20 फरवरी से लगातार दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं।

हमलोग उसका समर्थन करते हुए सरकार से वन रैंक वन पेंशन-2 में हुए विसंगतियों को संशोधित करने की मांग कर रहे हैं। जुलाई 2014 के बाद वाले पीएमआर (वीआरएस) को वन रैंक वन पेंशन से बाहर कर दिया गया। जबकि भर्ती के शर्त के मुताबिक 15 2 साल के सेवा बाद वीआरएस लिया सैनिक पीएमआर नहीं होता है। वीरांगनाओं, शहीद जवान जेसीओ के पत्नी के फेमिली पेंशन और अधिकारी के फेमिली पेंशन में बहुत बड़ा भेदभाव है।

अधिकारी के मुकाबले डिसेबल पेंशन में जवान जेसीओ को कोई खास फायदा नहीं, डिसेबल भत्ता सभी रैंक का एक समान हो, जब वेतन सबका अलग तो डिसेबल भत्ता एक समान क्यों नहीं। जवान जेसीओ के सर्विस पेंशन में अधिकारी के मुकाबले कोई खास बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। इक्वल एमएसपी एवं अन्य भत्ता बराबर कर जवान जेसीओ के खोए सम्मान को सरकार वापस करे।

देश के सभी पूर्व सैनिकों का उपरोक्त पांच सूत्रीय मांग न्यायसंगत है। इस वन रैंक वन पेंशन-2 में 85 प्रतिशत बजट अधिकारी खा गए, जिन पर वन रैंक वन पेंशन लागू नहीं है। बाकी बचे 15 प्रतिशत में कुछ जवान जेसीओ को देकर मुंह बंद किया गया है।

## बढ़ने लगी कोरोना संक्रमितों की संख्या कुल 41 संक्रमितों में से 28 मरीज पटना में

**संवाददाता, पटना।**




बिहार में भी अब कोरोना के मामले बढ़ने लगे हैं। राजधानी पटना में इसकी संख्या अधिक है। रविवार को बिहार में कोरोना के 13 मामले मिले। 13 संक्रमितों में से सबसे अधिक 9 लोग पटना के हैं। बाकी चार मरीजों में सहरसा, पूर्वी चम्पारण, औरंगाबाद और किशनगंज से एक-एक कोरोना के मामले है।

संक्रमितो में पीएमसीएच के एक चिकित्सक भी शामिल है। बिहार में अब कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 41 हो गई है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जांच को बढ़ाने का निर्देश दिया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कुल 41 एक्टिव मरीजों में से 28 मरीज पटना जिले के है। कोरोना जांच की बात की जाये तो रविवार को 28 हजार से ज्यादा जांच की गयी। पटना के सिविल सर्जन ने कोरोना जांच का दायरा बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले एक महीने से देशभर में कोरोना के मामलों में फिर से तेजी देखी जा रही है। बिहार में मरीजों का आंकड़ा न के बराबर हो गया था। पिछले दिनों एक-दो मामले सामने आए थे लेकिन अब आंकड़ों में जो तेजी देखी जा रही है, उससे चिंता बढ़ने लगी है। सिर्फ पटना में कोरोना के 9 मरीज मिले हैं, जिसमें पीएमसीएच के एक डॉक्टर भी शामिल हैं वहीं सहरसा, पूर्वी चम्पारण, औरंगाबाद और किशनगंज से एक-एक मरीज मिले हैं। बाकी 33 जिलों में फिलहाल कोई मरीज नहीं मिला है।

पटना के संक्रमितों में बाढ़, अथमलगोला, दनियावां, पालीगंज मारुफगंज समेत अन्य इलाकों के लोग शामिल हैं। पटना एम्स, आईजीआईसी और पीएमसीएच में कुछ संक्रमित मिले है।

## बेगूसराय में सुरभि का 15 दिवसीय प्रस्तुति परक अभिनय कार्यशाला शुरू

# युवाओं को अभिनय की बारीकियों से कराया जायेगा अवगत

**संवाददाता, बेगूसराय।**



दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि। ● द फोटोन न्यूज

बेगूसराय के एकलौते प्रेक्षागृह दिनकर कला भवन में सुरभि रूरल डेवलपमेंट एंड वेलफेयर सोसाइटी द्वारा 15 दिवसीय प्रस्तुति परक अभिनय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया है। आयोजन 2 से 17 अप्रैल तक दिनकर कला भवन के प्रांगण में किया जा रहा है।

कार्यशाला संयोजक अजय कुमार भारती एवं कार्यशाला प्रभारी इम्तियाजुल हक डब्लू ने बताया कि 17 अप्रैल तक कार्यशाला राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से पास आउट बेगूसराय के पहले रंगकर्मी हरीश हरिऔध के मार्गदर्शन और नेतृत्व में चलेगा।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से स्नातक गणेश गौरव, कुंदन सिन्हा, सिकंदर कुमार, यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद से नाट्य विधा में पीएचडी करने वाले बेगूसराय के पहले रंगकर्मी और युवा निर्देशक अमित रोशन के साथ ही भारतेंदु नाट्य अकादमी से पास आउट गुंजन सिन्हा 15 दिनों तक युवा रंग कर्मियों को अभिनय के साथ ही नाट्य विधा की बारीकियों से अवगत कराएंगे।

सुरभि की इस कार्यशाला में प्रशिक्षु कलाकारों को इन मंजे हुए अभिनेता और निर्देशकों की अब तक की रंग यात्रा से प्राप्त अनुभवों के साथ ही विभिन्न संस्थानों द्वारा प्राप्त ज्ञान का लाभ मिलेगा। कार्यशाला के समापन पर वरिष्ठ निर्देशक हरीश हरिऔध के निर्देशन में फणीश्वर नाथ रेनू की रचना "ना जाने केहू भेष में" के नाट्य रूपांतरण "दिलदार एक्सप्रेस" की प्रस्तुति दिनकर भवन में की जाएगी।

कार्यशाला का उद्घाटन महापौर श्रीमती पिंकी देवी, पूर्व महापौर और जदयू नगर अध्यक्ष संजय कुमार, जदयू के पूर्व जिलाध्यक्ष भूमिपाल राय, वरिष्ठ निर्देशक अवधेश सिन्हा, दीपक सिन्हा, अमित रोशन एवं परवेज यूसुफ ने दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों ने रंगकर्म को सामूहिक कला बताते हुए कहा कि जाति, धर्म, संप्रदाय, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब के दायरे से निकलकर रंगकर्म हर प्रकार के लोगों को एक साथ लाता है। सब मिलकर काम करते हैं, यही रंगमंच की खूबसूरती है। उद्घाटन सत्र का संचालन रंगकर्मी दीपक कुमार ने किया।

## आईटीआई संचालक रहस्यमय ढंग से हुआ गायब, मचा हड़कंप

**संवाददाता, मुजफ़्फरपुर।**

जिले के सकरा थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नाम से संचालित प्राइवेट आईटीआई के संचालक मनोज नारायण कुशवाहा रविवार की देर शाम से रहस्यमई ढंग से अचानक गायब हो गए परिजन ने अपने स्तर से खोजबीन शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं मिलता देख तत्काल इसकी लिखित शिकायत सकरा थाना में दी है

परिजन के अनुसार मनोज अपने घर से एक बैग लेकर निकले थे। मोबाइल घर पर ही छूट गया और वापस नहीं आए परिजन को कई तरह की चिंता सताने लगी है कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो अचानक इतनी इमरजेंसी हो गई की कहीं चले गए हैं या किसी के साथ गए हैं। यह समझ से परे है। परिजन यह भी बताते हैं कि पूर्व में भी कुछ काम के सिलसिले से आते जाते रहते हैं लेकिन इस तरह से मोबाइल फोन छोड़कर कभी नहीं गये ओर अब तक कोई ट्रेस नहीं मिलना चिंता का विषय है।

परिजन की माने तो अपने रिश्तेदारों के घर खोजबीन के बाद देर शाम इसकी शिकायत सकरा थाना में भी दे दी गई और अपने स्तर से खोजबीन जारी है। पूरे मामले पर पूछे जाने पर सकरा थानेदार राजू पाल ने कहा प्राइवेट आईटीआई संचालक मनोज नारायण कुशवाहा के अचानक गुम हो जाने का आवेदन परिजन थाना में दिए हैं। पुलिस भी अपने स्तर से जांच पड़ताल और खोजबीन में जुटी है।

# निशाने पर एआई

इंटरनेट पर सूचनाओं के आधार पर पनपी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का साम्राज्य क्या अब खतरा बनने लगा है? यह आभासी बुद्धिमत्ता, अर्थात एआई तकनीक इतनी मजबूती से सामने आ रही है कि अच्छे-अच्छे वैज्ञानिकों व उद्यमियों को भी आशंकाएं घेरने लगी हैं। इटली में तो एआई चैटजीपीटी को प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहां न केवल एआई सेवा को अवरुद्ध किया जाएगा, बल्कि गोपनीयता संबंधी चिंताओं की भी व्यापक जांच की जाएगी। इतालवी एजेंसी का मानना है कि एआई का इस्तेमाल करने वाले लोगों के बारे में व्यक्तिगत जानकारी एकत्र करने के लिए सिस्टम के पास उचित कानूनी आधार नहीं है। डाटा एल्गोरिद्म को प्रशिक्षित करने में सहायता के लिए जुटाया जाता है, जिससे चैटजीपीटी को सवालों के जवाब देने में सुविधा होती है। यह एक तरह से हमसे ही चुपचाप सूचनाएं या डाटा लेकर वापस हमें ही बेचने की बुद्धिमत्ता है। सवाल है कि इंटरनेट हमसे जो सूचनाएं ले रहा है और उसका जो नानाविध प्रयोग कर रहा है, क्या उसके लिए हमारी मंजूरी ली गई है?

चैटजीपीटी सेवा देने से पहले न तो आयु की जांच हो रही है और न जरूरी नियमों की पालना हो रही है, ऐसे में, इटली इस पर प्रतिबंध लगाने वाला दुनिया का संभवतः पहला देश बन गया है। इंटरनेट की दुनिया में अनेक तरह के कानूनों का दुरुपयोग हो रहा है, सामाजिक और आर्थिक नियम-कायदों की अवहेलना हो रही है। एआई पहले उतनी बड़ी ताकत नहीं थी, लेकिन अब इतनी बड़ी ताकत हो गई है कि यह तकनीक स्वतः काम करने लगी है। बार-बार इंसानों से मंजूरी लेने की जरूरत भी नहीं है। आप दो चीजों की खोज करते हैं, तो तीसरी चीज स्वयं एआई आपके लिए जुटा लाती है। अनेक विशेषज्ञों को यह लगने लगा है कि यह कहीं न कहीं हमारे अनुरूप चलते हुए सेवा का आभास कराते हुए हमारा दुरुपयोग करती है। शायद एक दिन आएगा, चैटजीपीटी या एआई जनित सेवाएं इंसानी व्यवहार पर हावी हो जाएंगी और समाज का संचालन शुरू कर देंगी। इटली में चिंता तो पहले से जारी थी, लेकिन प्रतिबंध का फैसला तब आया, जब कई विशेषज्ञों ने नई एआई प्रणालियों के विकास पर रोक लगाने का आह्वान किया। यह आशंका जताई जा रही है कि नए एआई उपकरण बनाने की हड़बड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। यूरोपीय उपभोक्ता संगठन बीईयूसी ने गुरुवार को यूरोपीय संघ और अधिकारियों से जांच की मांग की है। विशेष रूप से चैटजीपीटी व ऐसी अन्य सेवाओं पर निगरानी रखने के लिए कहा है। गोपनीयता संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए विनियमन की ओर भी इशारा किया गया है। ऐसे कानूनों का अभाव है, जो सूचना या गोपनीयता की रक्षा कर सकें। आने वाले दिनों में यह संभव है कि पूरे यूरोप में ही चैटजीपीटी पर प्रतिबंध लग जाए। चैटजीपीटी के संचालकों को अपने बचाव के लिए अब ज्यादा सक्रिय होना होगा। उन्हें लोगों को आश्वस्त करना होगा कि इसका दुरुपयोग नहीं होगा। अनुमान है कि विगत दो महीनों में चैटजीपीटी का उपयोग दुनिया के 10 करोड़ लोगों ने किया है।

# धर्मस्थलों को सुरक्षित बनाएं

इंदौर के बेलेश्वर महादेव झूलेलाल मंदिर में रामनवमी के दिन हुआ हादसा जितना त्रासद और दुर्भाग्यपूर्ण है, उतना ही विचारणीय भी। रामनवमी के मौके पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगना कोई अप्रत्याशित बात नहीं थी। जाहिर है भीड़ को संभालने के लिए जिस तरह की चाक-चौबंद और चौकस व्यवस्था होनी चाहिए थी, उसका वैसे ही अभाव था जैसे आम तौर पर मंदिरों में होता है। मिली जानकारी के मुताबिक, मंदिर के अंदर बावड़ी को ढकने वाले स्लैब पर भी काफी लोग इकट्ठा हो गए थे। कोई उन्हें रोकने वाला या यह बताने वाला नहीं था कि यह स्लैब कमजोर है और ज्यादा लोगों का बोझ नहीं वहन कर सकता। वही हुआ भी। अचानक स्लैब धंस गया और उस पर खड़े तमाम लोग नीचे कुएं में गिर गए। मामले की जांच के आदेश तत्काल दे दिए गए। मृतकों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजा राशि घोषित करने में भी सरकार ने देर नहीं लगाई। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि आखिर क्यों हमें बार-बार विभिन्न धार्मिक स्थलों से ऐसे हादसों की खबरें सुनने को मिलती हैं? कभी किसी मंदिर की छत गिर जाती है तो कभी रेलिंग का हिस्सा टूटकर गिर जाता है। क्यों इन मंदिरों और अन्य धर्मस्थानों की मरम्मत और रखरखाव की व्यवस्था पर नजर नहीं रखी जाती? कानून के अनुरूप, उनकी जिम्मेदारी क्यों नहीं तय हो पाती? ताजा हादसे का भी यह एक अहम पक्ष है। मंदिर के अंदर स्थित बावड़ी को इस तरह ढका जाना गैरकानूनी तो था ही, स्थानीय प्रशासन को इसकी जानकारी भी थी। इस बारे में नोटिस भी दिया गया था। खबरों के मुताबिक जनवरी के आखिरी हफ्ते में इंदौर नगर निगम ने मंदिर के ट्रस्ट को अल्टीमेटम दे दिया था कि अगर एक सप्ताह के अंदर इस स्लैब को नहीं हटाया गया तो जबरन हटा दिया जाएगा और उसका खर्च मंदिर प्रबंधन से लिया जाएगा। नगर निगम का यह रुख बिलकुल सही था। लेकिन इसके बाद हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप लगने लगे। कहा जाने लगा कि नगर निगम प्रशासन मंदिर के अंदरूनी मामलों में बेवजह दखल दे रहा है। ऐसा लगता है कि कथित तौर पर हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाओं का वास्ता दिए जाने के बाद नगर निगम दबाव में आ गया। संभवतः इसीलिए जो काम एक सप्ताह की समय सीमा समाप्त होते ही शुरू हो जाना चाहिए था, उस दिशा में दो महीने बाद भी कोई प्रगति नहीं हुई।

# काश, अजय बंगा-गुनीत मोंगा से प्रेरित होते खालिस्तान समर्थक

## विश्लेषण



आर.के. सिन्हा

काश, खालिस्तान के पक्ष में नारेबाजी करने वाले अजय बंगा और गुनीत मोंगा से कुछ प्रेरणा ले लेते। ये दोनों भी कट्टर सिख हैं और इनकी हालिया उपलब्धियों पर सारा देश गर्व कर रहा है। बंगा उस वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं, जिसके 189 सदस्य देश हैं, जिनमें 170 देशों के नागरिक संसार के 130 शहरों में काम कर रहे हैं। बेशक, गरीबी को खत्म करने तथा विकास का रास्ता दिखाने वाले वर्ल्ड का प्रमुख बनने जा रहे बंगा की उपलब्धि पर सारा भारत खुश है। अजय बंगा एक शूरवीर के पुत्र हैं। उनके पिता हरभजन सिंह बंगा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1962, 1965 और 1971 की जंगों में शत्रु सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। अजय बंगा का परिवार बहुत आस्थावान सिख परिवार है। अजय बंगा बेहतरीन मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। उनके नेतृत्व में ही मास्टर कार्ड नाम की कंपनी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी वीजा कार्ड को पछाड़ा था। अजय बंगा ने मास्टरकार्ड को मोबाइल पेमेंट के क्षेत्र में पहले नंबर पर पहुंचाया।

आजकल ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, कनाडा और अमेरिका में कुछ भटके हुए सिख नवयुवक न जाने किस भ्रम में काल्पनिक खालिस्तान की मांग करते हुए दिखाई देने लगे हैं। इन पर गुस्से से ज्यादा तरस ही आता है। अपने महान गुरुओं की धरती पंजाब और भारत को लेकर ये जिस तरह से अनाप-शनाप बकवास कर रहे होते हैं, वह बेहद अशोभनीय होती है। वे यह समझ लें कि अब भारत कभी भी विभाजित नहीं होगा। भारत के बंटवारे का ख्वाब देखने वालों को निराशा ही होगा। इस बिन्दु पर 140 करोड़ भारतीय एक हैं। कहीं कोई विवाद नहीं है। अब वह जमाना गया जब अपनी-अपनी नेतागिरी चमकाने और प्रधानमंत्री बनने के लिए नेहरू और जिन्ना ने हिन्दुस्तान-पाकिस्तान बांट लिया। अब वैसा होने से रहा।

काश, खालिस्तान के पक्ष में नारेबाजी करने वाले अजय बंगा और गुनीत मोंगा से कुछ प्रेरणा ले लेते। ये दोनों भी कट्टर सिख हैं और इनकी हालिया उपलब्धियों पर सारा देश गर्व कर रहा है। बंगा उस वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं, जिसके 189 सदस्य देश हैं, जिनमें 170 देशों के नागरिक संसार के 130 शहरों में काम कर रहे हैं। बेशक, गरीबी को खत्म करने तथा विकास का रास्ता दिखाने वाले वर्ल्ड का प्रमुख बनने जा रहे बंगा की उपलब्धि पर सारा भारत खुश है। अजय बंगा एक शूरवीर के पुत्र हैं। उनके पिता हरभजन सिंह बंगा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद से रिटायर हुए थे। उन्होंने 1962, 1965 और 1971 की जंगों में शत्रु सेना के दांत खट्टे कर दिए थे। अजय बंगा का परिवार बहुत आस्थावान सिख परिवार है।

अजय बंगा बेहतरीन मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं। उनके नेतृत्व में ही मास्टर कार्ड नाम की कंपनी ने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी वीजा कार्ड को पछाड़ा था। अजय बंगा ने मास्टरकार्ड को मोबाइल पेमेंट के क्षेत्र में पहले नंबर पर पहुंचाया। वे हिन्दी, पंजाबी, इंग्लिश के अलावा गुजराती भी बोल लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 की अमेरिका यात्रा के समय उनसे फार्च्यून-500 कंपनियों के सीईओज मिले थे। उनमें अजय बंगा भी थे। बंगा को बैंकिंग और फाइनेंस की दुनिया का एक्सपर्ट माना जाता है। बंगा को अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी ट्रेड पॉलिसी से जुड़ी सलाहकार टीम में लिया था। अब वे वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। जाहिर है कि उनकी सलाह से सदस्य देशों को लाभ होगा। अजय बंगा वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन देशों के लिए विशेष योजनाएं लाएंगे जो विकास की दौड़ में बहुत पिछड़ गए हैं।

अगर बात गुनीत मोंगा की करें तो उन्हें उनकी फिल्म 'द एलीफैंट विस्परर्स' के लिए आस्कर सम्मान मिला है। 'द एलीफैंट विस्परर्स' को बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। गुनीत मोंगा के बारे में देश को तब कायदे से पता चला जब उन्होंने लंच बॉक्स, मानसून शूट आउट तथा गैंग्स ऑफ वासेपुर जैसी फिल्मों को प्रोड्यूस किया। ये सभी फिल्में हिट हुईं और इन्हें दर्शकों तथा समीक्षकों का समान रूप से प्यार मिला।



पहले वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष बन रहे अजय बंगा और और फिर गुनीत मोंगा ने देश का नाम रोशन किया है। यह सच है कि अजय बंगा अब अमेरिकी नागरिक बन चुके हैं। पर उन्हें अपने भारतीय मूल का होने पर गर्व है। वे बार-बार भारत आते हैं। वे भारत से दूर जा भी नहीं सकते। आखिर यही उनका देश है। उनकी मातृभूमि है। उधर, मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली गुनीत मोंगा अब मुंबई में रहती हैं। गुनीत मोंगा जब आस्कर पुरस्कार लेने गईं तब उन्होंने साड़ी पहनी हुई थी और उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय होने पर नाज है।

जिन खालिस्तानियों ने लंदन में भारतीय तिरंगे का अपमान किया उन्हें नींद कैसे आती होगी। वे तो अब अमर शहीद भगत सिंह को भी गालियां दे रहे हैं। उन्हें डूब कर मर जाना चाहिए। उनके लिए मरने का इससे बेहतर कोई रास्ता नहीं हो सकता। जिस भारत माता के प्रति हरेक हिन्दुस्तानी अपनी जान का नजराना देने के लिए तैयार रहता है, वे उसके लिए अपशब्द बक रहे हैं। वे भारत में आकर क्यों नहीं भारत माता और भगत सिंह के लिए अपशब्दों का प्रयोग करते। एक बार करके देखें तो सही। उन्हें तब जन्नत की हकीकत को सामने से देखने का मौका मिलेगा। पर ये तो कायर हैं।

भारत में करोड़ों सिख जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों में श्रेष्ठ काम कर रहे हैं। देश के प्रमुख समाजसेवी जितेन्द्र सिंह शंटी कहते हैं कि उनका जीवन भारत माता को समर्पित है। वे खालिस्तानियों को ललकारते हैं। शंटी लगभग तीन दशकों से लावरिस शवों का अंतिम संस्कार करवा रहे हैं। उन्होंने कोविड काल में अपने हाथों से दर्जनों अभागे लोगों का अंतिम संस्कार करवाया था। उस समय उन्हें और उनके परिवार के कई सदस्यों को कोविड हो गया था। पर वे हार मानने वाले कहां थे। वे कोविड को हराने के बाद फिर से सड़कों पर उतर गए थे। पद्मश्री पुरस्कार विजेता शंटी ने रक्तदान का सैकड़ा भी बना लिया है। इस बीच, अर्पणा कौर भारतीय समकालीन कला जगत की सशक्त हस्ताक्षर हैं। उनकी कूची 1984 के सिख विरोधी दंगों और वृन्दावन की विधवाओं पर खूब चली है। अर्पणा कौर के चित्रों में बुद्ध, बाबा नानक और सोहनी-महिवाल भी मिलेंगे। उनके चित्रों में स्त्री पात्र खूब मिलते हैं। उन पर सारा भारत गर्व करता है। करीब दो साल पहले बिजनेस की दुनिया से रिटायरमेंट ले लेने वाले पीआरएस ओबराय से सारा देश परिचित है। ओबराय की निगरानी में राजधानी का ओबराय इंटरकांटिनेंटल होटल 1965 में बना था। उन्हें भारत की होटल इंडस्ट्री का गॉड फादर माना जाता है। मुंबई का द ट्राइडेंट होटल 26/11 हमले में बर्बाद हो गया था। पर पीआरएस ओबराय ने उसे राख के ढेर से फिर खड़ा किया। खालिस्तान की मांग करने वाले याद रख लें कि ओबराय उन पर थूकेंगे भी नहीं। भारत की चोटी की सिख हस्तियों की बात होगी तो भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी, भारतीय हॉकी टीम के दो पूर्व कप्तानों क्रमशः हरबिंदर सिंह तथा अजीत पाल सिंह का नाम भी लेना होगा। भारत के चौतरफा विकास में सिखों का योगदान अमूल्य रहा है। सारा देश इस सच्चाई को जानता है। बहरहाल, देश को खालिस्तानी तत्वों के साथ किसी भी तरह की रियायत बरतने की जरूरत नहीं है। इन्हें कठोरता से कुचलना होगा।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# बूढ़े बांध, बड़ी चिंता

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी ने 2021 में अपनी रिपोर्ट में दुनिया को बड़े बांधों के खतरों के संदर्भ में आगाह किया था। इसमें चेतावनी दी गई थी कि अगले 29 वर्षों में दुनिया की आधी से ज्यादा आबादी ऐसे बड़े बांधों के साये में होगी जो या तो अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं या पूरी करने वाले हैं। इस हालात से भारत की संसद भी अवगत है। देश के पुराने बांधों की सुरक्षा पर गठित एक संसदीय समिति ने पिछले महीने चिंता जताई है। उसने अपनी रिपोर्ट 20 मार्च को संसद को सौंपी है। समिति ने अपनी रिपोर्ट देश के 100 साल से अधिक पुराने बांधों पर चिंता जताते हुए इन्हें बंद करने की सलाह दी है।

समिति ने कहा है कि भारत में 100 साल से अधिक पुराने 234 बड़े बांध हैं। इनमें से कुछ तो 300 साल से भी ज्यादा पुराने हैं। देश में इस समय 5,334 बड़े बांध हैं। 411 अन्य बड़े बांध निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। महाराष्ट्र 2,394 बांधों के साथ पहले स्थान पर है,। मध्य प्रदेश और गुजरात बांधों की संख्या के लिहाज से दूसरे और तीसरे पायदान पर हैं। इसके बाद जल शक्ति मंत्रालय की तंद्रा भंग हुई है। उसने सिफारिश की है कि बांधों के जीवन और संचालन का आकलन करने और एक व्यवहार्य तंत्र को विकसित किया जाए। मंत्रालय का कहना है कि राज्यों को भी उन बांधों को बंद करने के लिए राजी किया जाए, जो अपनी उम्र पूरी कर चुके हैं।

वर्ल्ड रजिस्टर ऑफ लार्ज डैम्स का कहना है कि दुनिया में 58,713 बड़े बांध हैं। इनमें से सबसे ज्यादा चीन में 23841 बड़े बांध हैं। इसके बाद अमेरिका 9,263 का नंबर आता है। करीब 93 फीसदी बड़े बांध केवल 25 देशों में स्थित हैं। ऐसे देशों में भारत भी एक है। दुनिया में बड़े बांधों का निर्माण पिछले 100 से भी ज्यादा वर्षों से किया जा रहा है। पारम्परिक रूप से इनका मकसद नदी जल को नियंत्रित करना था। मगर तेजी से बढ़ते समय चक्र के साथ अब इन्हें जल प्रबंधन, बाढ़ नियंत्रण, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी और जलापूर्ति के लिए बनाया जाता है। इंटरनेशनल कमीशन ऑन लार्ज डैम्स बड़े बांधों को परिभाषित भी करता है। इस कमीशन केअनुसार 15 मीटर या उससे ऊपर की ऊंचाई और 30 लाख क्यूबिक मीटर से ज्यादा पानी को संजोने वाले बांधों को बड़े की श्रेणी में रखा जा सकता है।

यूनाइटेड नेशंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक अमेरिका में छोटे-बड़े सभी 90,580 बांधों की औसत उम्र 56 वर्ष है। इनमें से करीब 85 फीसदी अपनी उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। चीन में करीब 30000 बांध उम्रदराज हो चुके हैं। भारत में 1,115 बड़े बांध 2025 तक 50 वर्ष या उससे ज्यादा पुराने हो जाएंगे। 2050 तक भारत के करीब 4,250 बड़े बांध 50 वर्ष की उम्र पार कर जाएंगे। 64 बड़े बांध 150 वर्ष या उससे ज्यादा पुराने होंगे। भारत में केरल के इडुक्की जिले का मुल्लापेरियार बांध 125 साल से ज्यादा का हो चुका है। इसे 1895 में अंग्रेजों ने बनाया था। यह बड़ा सच है कि पहाड़ी राज्यों में प्राकृतिक आपदा के समय बड़े बांधों के टूटने और उससे जानमाल की भारी क्षति होने की आशंका बरकरार रहती है। मगर कुछ लोग इसके विपरीत भी सोचते हैं। मसलन साल 2013 में उत्तराखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा ने कहा था कि यदि टिहरी बांध न होता तो ऋषिकेश, हरिद्वार और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जलप्लावित हो गए होते। तब केंद्रीय विश्वविद्यालय गढ़वाल के आपदा प्रबंधन शोध अधिकारी डॉ. एसपी सती ने कहा था कि यह अर्द्धसत्य है। इसे हमेशा के लिए सच नहीं माना जा सकता। वैसे बहुगुणा की इस टिप्पणी से एक बार फिर पहाड़ी राज्य में यह बहस छिड़ गई थी कि बड़े बांध उत्तराखंड के लिए वरदान हैं या अभिशाप ?

विजय बहुगुणा की टिप्पणी के दस साल बाद संसदीय समिति की रिपोर्ट ने बड़े बांधों के मोहपाश में बंधे नेताओं को असलीयत से रूबरू कराया है। अब बड़ा सवाल यह है कि पुराने हो चुके इन बांधों से कैसे मुक्ति मिले। दरअसल ऐसे बांधों को अनुपोयगी घोषित करने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। इसमें जल-विद्युत उत्पादन सुविधाओं को हटाना और जलग्रहण क्षेत्रों में पारिस्थितिक रूप से व्यवहार्य हस्तक्षेपों के माध्यम से नदी चैनलों को फिर से बनाना शामिल होता है। मगर यह पूर्ण सच है कि मनुष्य की तरह बांधों का जीवनकाल भी तय होता है। अमेरिका सहित कुछ देशों ने तो अपने बड़े बांधों को बंदकर नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को पूर्ववत कर लिया है। दुर्भाग्य से भारत में अब तक किसी भी बांध को बंद नहीं किया गया है। देश में बांध सुरक्षा हमेशा से बड़ा मुद्दा रहा है। इनमें गुजरात के मोरबी का माचू बांध भी हैं। यहां 36 बांध आपदा आ चुकी हैं। 1979 में लगभग 2,000 लोग मारे गए थे और 12,000 से अधिक मकान नष्ट हो गए थे।

संसदीय समिति ने इस पर जल शक्ति मंत्रालय का पक्ष भी रखा है। मंत्रालय ने समिति को सूचित किया है कि बांधों के व्यवहार्य जीवन और प्रदर्शन का आकलन करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। बांधों का नियमित रखरखाव उनके स्वास्थ्य मूल्यांकन और सुरक्षा के लिए किया जाता है। बांधों का संचालन और रखरखाव राज्य सरकारें, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और निजी एजेंसियां करती हैं। केंद्र की भाजपा नीत सरकार ने 2014 में देश की कमान संभालने के बाद इस मुद्दे पर गंभीरता दिखाई है। संसद बांध सुरक्षा अधिनियम-2021 को अधिनियमित कर चुकी है। इस अधिनियम 30 दिसंबर, 2021 से लागू भी हो चुका है। इस अधिनियम का उद्देश्य बांध की विफलता से संबंधित आपदाओं की रोकथाम और इनके सुरक्षित कामकाज को सुनिश्चित करने और एक संस्थागत तंत्र उपलब्ध कराने के लिए निर्दिष्ट बांध की निगरानी, निरीक्षण, संचालन और रखरखाव सुनिश्चित करना है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# सोशल मीडिया से...

## सच के हक में...




ये मित्रकाल के विरुद्ध, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। इस संघर्ष में, सत्य मेरा अस्त्र है, और सत्य ही मेरा आसरा!

**(राहुल गांधी के ट्विटर अकाउंट से)**



राज्य में उद्योग लगेंगे तो रोजगार सृजन होगा। इसके लिए नीतियां बने ताकि अधिक से अधिक उद्योग लगे। सरकार बनने के बाद नई उद्योग नीति बनायी गयी। इस क्रम में कई औद्योगिक घरानों का सहयोग प्राप्त हुआ। टाटा समूह के लोग भी उद्योग नीति की लॉन्चिंग के दौरान उपस्थित थे। इसका आज बेहतर परिणाम देखने को मिला है।

**(सीएम हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**



छत्तीसगढ़ शराब सिंडिकेट के इस किरदार के हाथ में झारखंड शराब सिंडिकेट की नकेल भी है। इसका तकनीकी कार्यालय सरकारी भवन में किराया पर चल रहा है। नकली होलोग्राम की झारखंड में भरमार है। इसके कार्यालय के कम्प्यूटरों की फॉरेंसिक जांच ईडी कराए, इसमें लिबरेशन कॉरपोरेशन की भूमिका भी जांचे।

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# प्रासंगिक हैं तीर्थंकर भगवान महावीर के विचार

अहिंसा परमो धर्म का सिद्धांत प्रतिपादित करने वाले भगवान महावीर का अहिंसा दर्शन आज सर्वाधिक प्रासंगिक और जरूरी प्रतीत होता है, मानव अपने स्वार्थ के वशीभूत कोई भी अनुचित कार्य करने और अपने फायदे के लिए हिंसा के लिए भी तत्पर दिखाई देता है। प्रतिवर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के दिन जैन धर्म के 24वें और अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया जाता है। जैन धर्म के जानकारों के अनुसार भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडलपुर के राजघराने में हुआ था। हिन्दू पंचांग के अनुसार इस साल चैत्र शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी 03 अप्रैल की प्रातः 6:24 बजे शुरू होगी, जिसका समापन 04 अप्रैल की प्रातः 8:05 बजे होगा। ऐसे में महावीर जयंती 04 अप्रैल को है। भगवान महावीर ने जीवन पर्यन्त अपने अमृत वचनों से समस्त मानव जाति को ऐसी अनुपम सौगात दी, जिन पर अमल करके मानव चाहे तो इस धरती को स्वर्ग बना सकता है। आज के परिवेश में हम जिस प्रकार की समस्याओं और जटिल परिस्थितियों में घिरे हैं, उन सभी का समाधान महावीर के सिद्धांतों और दर्शन में समाहित है। भगवान महावीर कहा करते थे कि जिस जन्म में कोई भी जीव जैसा कर्म करेगा, भविष्य में उसे वैसा ही फल मिलेगा। वह कमार्नुसार ही देव, मनुष्य, नारक व पशु-पक्षी की योनि में भ्रमण करेगा। कर्म स्वयं प्रेरित होकर आत्मा को नहीं लगते बल्कि आत्मा कर्मों को आकृष्ट करती है। वह कहते थे कि रुग्णजनों की सेवा-सुश्रुषा करने का कार्य प्रभु की परिचर्या से भी बढ़कर है। अपने जीवनकाल में उन्होंने ऐसे अनेक उपदेश और अमृत वचन दिए, जिन्हें अपने जीवन तथा आचरण में अमल में लाकर हम अपने मानव जीवन को सार्थक बना सकते हैं। भगवान महावीर का कहना था कि जो मनुष्य स्वयं प्राणियों की हिंसा करता है या दूसरों से हिंसा करवाता है अथवा हिंसा करने वालों का समर्थन करता है, वह जगत में अपने लिए बैर बढ़ाता है। अहिंसा की तुलना संसार के सबसे महान व्रत से करते हुए उनका कहना था कि संसार के सभी प्राणी बराबर हैं, अतः हिंसा को त्यागिए और ह्यजीओ व जीने दोह्ल का सिद्धांत अपनाइए। वे कहते थे कि संसार में प्रत्येक जीव अवध्य है, अतः आवश्यक बताकर की जाने वाली हिंसा भी हिंसा ही है और वह जीवन की कमजोरी है। उनके अनुसार छोटे-बड़े किसी भी प्राणी की हिंसा न करना, बिना दी गई वस्तु स्वयं न लेना, विश्वासघाती असत्य न बोलना, यह आत्मा निग्रह सद्पुरुषों का धर्म है। जो लोग कष्ट में धैर्य को स्थिर नहीं रख पाते, वे अहिंसा की साधना नहीं कर सकते। अहिंसक व्यक्ति तो अपने से शत्रुता रखने वालों को भी अपना प्रिय मानता है। उनका कहना था कि संसार में रहने वाले चल और स्थावर जीवों पर मन, वचन एवं शरीर से किसी भी तरह के दण्ड का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भगवान महावीर के अनुसार किसी भी प्राणी की हिंसा न करना ही ज्ञानी होने का एकमात्र सार है और यही अहिंसा का विज्ञान है। जिस प्रकार अणु से छोटी कोई वस्तु नहीं और आकाश से बड़ा कोई पदार्थ नहीं, उसी प्रकार अहिंसा के समान संसार में कोई महान्‍ व्रत नहीं। महावीर के शब्दों में कहें तो ज्ञानी होने का यही एक सार है कि वह किसी भी प्राणी की हिंसा न करे और यही अहिंसा का विज्ञान है। धर्म को लेकर भगवान महावीर का मत था कि धर्म उत्कृष्ट मंगल है और अहिंसा, तप व संयम उसके प्रमुख लक्षण हैं। जिन व्यक्तियों का मन सदैव धर्म में रहता है, उन्हें देव भी नमस्कार करते हैं। अपने प्रवचनों में वह कहते थे कि ब्राह्मण कुल में पैदा होने के बाद यदि कर्म श्रेष्ठ हैं तो वही व्यक्ति ब्राह्मण है किन्तु ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद भी यदि वह हिंसाजन्य कार्य करता है तो वह ब्राह्मण नहीं है जबकि नीच कुल में पैदा होने वाला व्यक्ति अगर सुआचरण, सुविचार एवं सुकृत्य करता है तो वह बाह्मण है।

# मुझे कुछ कहना है...



60-40 नियोजन नीति इनदिनों चर्चा में है। समर्थन और विरोध का दौर चल रहा है। तमाम छात्र संगठन भी आंदोलित हैं।। सोमवार को झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन सरायकेला खरसावां के बैनर तले विरोध रैली का आयोजन किया गया। 60-40 नियोजन नीति का विरोध, कानून के दायरे में रहकर 90-10 की आधारित नियोजन नीति लागू करने के साथ अन्य तरह की मांगे की जा रही हैं। छात्र मांग कर रहे 60-40 के फामूर्ले पर नया नियोजन नीति के स्थान पर खतियान आधारित व 90-10 के फामूर्ले के आधार पर नियोजन नीति निर्धारित की जाए। ओबीसी आरक्षण सात जिलों में शून्य को वापस लेते हुए बिहार की तर्ज पर राज्य स्तर पर जातीय जनगणना के बाद सभी वर्गों के लिए जिला स्तर पर नियोजन के लिए आरक्षण रोस्टर निर्धारित किया जाए। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और प्राथमिक शिक्षण शिक्षा महाविद्यालय में सत्र 2023-25 में नामांकन लिया जाए। उत्तराखंड का नकल विरोधी कानून की तर्ज पर सरकारी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और घोटालों तथा परीक्षाओं में अनुचित साधनों के उपयोग को रोकने के लिए झारखंड प्रतियोगी परीक्षा संबंधी अध्यादेश लागू किया जाए। साथ ही झारखंड में स्थानीय छात्रों की उम्र सीमा में न्यूनतम 5 वर्ष का छूट दिए जाने, नियोजन फार्म भरते समय स्थानीय प्रमाण पत्र क्रमांक संख्या लिखना अनिवार्य करने और नियोजन में भाषा का बैरियर डालने की मांग भी की जा रही है। छात्रों की मांगें कितनी उचित और व्यावहारिक हैं यह चर्चा का विषय है। महत्वपूर्ण यह है कि व्यापक चर्चा के बाद इस मसले को हल किया जाए। हल ऐसा निकलना चाहिए जिससे किसी के हित का नुकासान नहीं हो।

**दयानंद मिश्रा, अध्यक्ष क्षेत्रीय जनविकास परिषद।**

दैनिक द फोटोन न्यूज, के लिए प्रकाशित एवं स्वामित्व मां मीडिया वेंचर रोस्पा टावर, चौथा तल्ला, मेन रोड, रांची, शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट + थाना – रातू, जिला – रांची, झारखंड, पिन – 835222 से मुद्रित।
प्रधान संपादक – **फहीम अख्तर*** (M) +919431311669, RNI NO. आवेदित (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), website : www.thephotonnews.com, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

## जोकोविच ने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा

**नई दिल्ली।**

नोवाक जोकोविच मियामी ओपन में कार्लोस अल्कराज की सेमीफाइनल में हार के बाद एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 स्थान पर लौट आए हैं। सर्बियाई महान, जिन्होंने हाल ही में विश्व नंबर 1 के रूप में स्टेफनी ग्राफ के 377 सप्ताह के निशान को पार कर लिया है, अपने 381वें सप्ताह की शुरूआत कर रहे हैं और 9 अप्रैल से शुरू होने वाले मोंटे-कार्लो मास्टर्स में एटीपी टूर पर लौटने वाले हैं। लेकिन मिट्टी के मौसम और उससे आगे नंबर 1 के लिए लड़ाई में एक मोड़ आ सकता है क्योंकि अल्काराज पर जोकोविच के बढ़त 380 अंक है। हालांकि, अलकराज मोंटे कार्लो में वापसी करने के लिए तैयार है, जहां उसे एक बार फिर नंबर 1 स्थान हासिल करने का मौका मिल सकता है। स्पैनियार्ड ने दो हफ्ते से भी कम समय पहले जोकोविच को हटा दिया था, जब उन्होंने इंडियन वेल्स मास्टर्स में अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब पर कब्जा करने के लिए डेनियल मेदवेदेव को हराया था। 19 वर्षीय एटीपी इतिहास में सबसे युवा विश्व नंबर 1 बने, जब उन्होंने 2022 यूएस ओपन जीता। चोट के कारण एटीपी फाइनल्स से बाहर रहने के बावजूद वह शेष वर्ष शीर्ष पर रहे, लेकिन फिर जोकोविच के ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद विश्व नंबर 2 पर खिसक गए। स्पैनियार्ड ने दो हफ्ते से भी कम समय पहले जोकोविच को हटा दिया था, जब उन्होंने इंडियन वेल्स मास्टर्स में अपने तीसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब पर कब्जा करने के लिए डेनियल मेदवेदेव को हराया था।


# मेदवेदेव ने सीजन की चौथी ट्रॉफी मियामी ओपन का खिताब जीता

**(एजेंसी)**

डेनियल मेदवेदेव ने अपने धमाकेदार फॉर्म को जारी रखते हुए मियामी ओपन में 1 घंटा 34 मिनट में खिताब जीत लिया। उन्होंने इटली के जानिक सिनर को 7-5, 6-3 से मात दी। मेदवेदेव का इस सत्र में खेले गए पांच फाइनल में यह चौथा खिताब है। इस सीजन में अब तक, उन्होंने रॉटरडैम, दोहा और दुबई में ट्रॉफी जीती है। रविवार रात को चौथी खिताबी जीत के साथ अब वह इस सत्र में एटीपी में शीर्ष पर हैं। 2023 मियामी ओपन चैंपियन ने कहा, मैं खुश हूं। यह मेरे लिए अब तक के सीजन की सबसे अच्छी शुरूआत है। निश्चित रूप से इस समय कोई ग्रैंड स्लैम नहीं था, लेकिन हां, आम तौर पर सीजन के लिए भी उत्सुक हूं। मेदवेदेव अब सिनर के खिलाफ अपने एटीपी हेड-टू-हेड में 6-0 से आगे हैं, फरवरी में रॉटरडैम फाइनल में इतालवी को भी हराया था।इस साल इंडियन वेल्स और मियामी फाइनल में पहुंचकर 27 वर्षीय 2020 में जोकोविच के बाद लगातार एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचने वाले पहले व्यक्ति बन गए। सीजन में उनकी 29 जीत एटीपी टूर का नेतृत्व करती हैं।




संक्षिप्त समाचार



## अर्जुन तेंदुलकर को जगह नहीं मिलने से प्रशंसक नाराज

**नई दिल्ली ।** अर्जुन तेंदुलकर पिछले तीन सत्र से आईपीएल का हिस्सा हैं पर वह अभी तक पदार्पण नहीं कर पाये हैं। टीम ने इस सीजन के अपने पहले मैच में भी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ भी अर्जुन को अवसर नहीं दिया। अर्जुन को इम्पैक्ट प्लेयर के लिए जारी खिलाड़ियों की सूची में भी जगह नहीं मिली। यह प्रशंसकों के लिए बड़ा झटका है क्योंकि अर्जुन ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। सोशल मीडिया पर अर्जुन को टीम में शामिल नहीं करने से नाराज प्रशंसकों का कहना है कि जिस प्रकार उन्होंने रणजी में मुम्बई टीम को छोड़कर गोवा से खेलना शुरु कर दिया है। उसी प्रकार उन्हें मुंबई इंडियंस को छोड़ देना चाहिए। वैसे अगर ऐसा होता है तो इसमें किसी को हैरान नहीं होना चाहिये। पिछले दो सत्र में वह बेंच पर ही बैठे रह गये हैं। वहीं मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा और कोच मार्क बाउचर की क्या रणनीति है इसे वही जानते हैं। ऐसे में अब देखना होगा कि अगले मैच में अर्जुन को अवसर मिलता है या नहीं।

## विराट ने तिलक और नेहल को दिये टिप्स



**बैंगलोर ।** रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली मुंबई इंडियंस पर मिली शानदार जीत के बाद युवा खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए दिखे। इस दौरान विराट ने मुंबई इंडियंस के युवा बल्लेबाजों तिलक वर्मा और नेहल वढेरा को कुछ सलाह भी दी। इस मैच में तिलक ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली थी। इस मैच में तिलक और नेहल के बीच अच्छी साझेदारी भी हुई। तिलक ने 46 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्के के बल पर नाबाद 84 रन बनाये, जबकि नेहल ने 2 छक्के और एक चौका लगाकर 21 रन बनाये। तिलक ने अपने 84 रन, 46 गेंदों पर बनाये। इसमें 9 चौके और 4 छक्के शामिल थे। वहीं अपना पहला ही मैच खेल रहे नेहल वधेरा ने 13 गेंद पर 21 रन बनाये। इन दोनो के बीच ही पांचवें विकेट के लिए 50 रन की साझेदारी हुई। विराट ने तिलक के साथ-साथ नेहल वढेरा को भी बल्लेबाज़ी के गुर सिखाये। विराट ने दोनो युवा बल्लेबाज़ो को कवर ड्राइव और पुल शॉट की तकनीक बतायी। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। लीग में पदार्पण कर रहे अरशद खान 15 के साथ तिलक ने आठवें विकेट के लिए भी 17 गेंदों पर 48 रन बनाये। पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस पिछले सीजन 10वें और आखिरी स्थान पर थी और तब टीम के कप्तान रोहित शर्मा का प्रदर्शन बेहद औसत रहा था। इस बार भी मुम्बई संघर्ष करती दिखी और रोहित भी 10 गेंदों पर केवल 1 रन ही बना पाये।

# घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स के खिलाफ जीत के लिए उतरेगी दिल्ली कैपिटल्स

### शाम 7:30 बजे शुरु होगा मैच



**नई दिल्ली ।(एजेंसी)**

दिल्ली कैपिटल्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीलएल) में मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर गत चैम्पियन गुजरात टाइटन्स पर जीत के इरादे से उतरेगी। दिल्ली को पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स से हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीत दर्ज कर लय हासिल करना रहेगा। वहीं अपने पहले ही मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिली जीत से गुजरात के हौंसले बुलंद हैं और वह कैपिटल्स के खिलाफ पूरी ताकत से उतरेगी। गुजरात टीम को इस मैच में अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन के बिना ही उतरना होगा। विलियमसन घुटने की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गये हैं। उन्हें शुरुआती मैच में ये चोट लगी थी।

कैपिटल्स की टीम पहले मैच में बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो में ही नाकाम रही। उसके गेंदबाज चेतन सकारिया और मुकेश कुमार प्रभावहीन दिखे। खलील अहमद ने शुरुआती मैच में अच्छी गेंदबाजी की पर उनका क्षेत्ररक्षण कमजोर रहा। उन्होंने लखनऊ के खिलाफ कायल मायर्स का कैच गिराया था जो टीम को भारी पड़ा क्योंकि मायर्स ने इसके बाद बड़ी पारी खेली थी।

दिल्ली के पास इशांत शर्मा जैसा अनुभवी गेंदबाज है पर उनकी धार पहले जैसी नहीं रही है। इशांत का इस्तेमाल 'इंपैक्ट खिलाड़ी' के तौर पर हो सकता है। दिल्ली को इस मैच में भी अपने प्रमुख गेंदबाजों एनरिक नोर्किया और लुंगी एंगिडी का साथ नहीं मिलेगा। ऐसे में कोच रिकी पोंटिंग और क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली को टीम संयोजन बनाने के लिए काफी प्रयास करना होगा। टीम सकारिया की जगह मुस्ताफिजूर रहमान को अंतिम ग्यारह में शामिल कर सकती।


वहीं बल्लेबाजी में कप्तान डेविड वार्नर , पृथ्वी शॉ और सरफराज खान को बड़ी पारी खेलनी होगी। पहले मैच में ये तेज गेंदबाज मार्क वुड का सामना नहीं कर पाये थे। टीम को मोहम्मद शमी और पंड्या के अलावा अल्जारी जोसेफ, यश दयाल और राशिद खान के खिलाफ भी तेजी से रन बनाने होंगे। रिपल पटेल, ललित यादव और अमन हकीम खान जैसे घरेलू क्रिकेटरों ने अब तक आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन का तरीका नहीं सीखा है। दूसरी ओर गुजरात की बल्लेबाजी कप्तान हार्दिक पंड्या के अलावा शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया आदि खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी जबकि गेंदबाजी की कमान अल्जारी जोसेफ, राशिद खान आदि पर आधारित रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं :**

**गुजरात टाइटंस** - हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, कोना भरत, रिद्धिमान साहा, राहुल तेवतिया, अभिनव मनोहर, मोहम्मद शमी, प्रदीप सांगवान, आर साई किशोर, विजय शंकर, साई सुदर्शन, राशिद खान, शिवम मावी, मैथ्यू वेड, ओडियन स्मिथ, उर्विल पटेल, दर्शन नालकांडे, यश दयाल, जयंत यादव, नूर अहमद और अल्जारी जोसेफ।

**दिल्ली कैपिटल्स** - डेविड वार्नर (कप्तान), पृथ्वी साव, मिशेल मार्श, मनीष पांडे, रोवमैन पॉवेल, रिले रोसो , सरफराज खान , फिल साल्ट , अभिषेक पोरेल , अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ललित यादव, रिपल पटेल , इशांत शर्मा, चेतन सकारिया, खलील अहमद, अमन हकीम खान, प्रवीण दुबे, कमलेश नागरकोटी, यश ढुल, मुकेश कुमार और विक्की ओस्तवाल।

## विराट ने जब भी बनाये 82 रन जीती है टीम



**बेंगलुरु ।(एजेंसी)**

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की मुम्बई इंडियंस के खिलाफ जीत में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की अहम भूमिका रही। इसे संयोग कहें या कुछ और विराट जब भी 82 रन बनाते हैं उनकी टीम को जीत मिलती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और आईपीएल को कुल मिलाकर देखा जाये तो अब तक 11 बार विराट ने 82 रनों की पारी खेली है जिसमें से दस बार उनकी टीम जीती है। इसमें 5 बार वह नाबाद रहे हैं और पांचों बार टीम को जीत मिली है। वहीं अब आईपीएल में दूसरी बार उन्होंने नाबाद 82 रनों की पारी खेली, जिसमें टीम को जीत मिली है। हैरान करने वाली बात ये है कि दोनों बार उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ ये परियों खेली थी। विराट ने जब 82 रनों की पारी खेली हो और टीम हारी हो ऐसा केवल एक बार हुआ है। अब तक 11 अवसरों पर विराट ने नाबाद 82 रन बनाए हैं और इसमें से टीम को 10 बार जीत हासिल हुई है। एक बार टेस्ट क्रिकेट में ऐसा हुआ है, जबकि दो बार आईपीएल में विराट ने ऐसा किया है। वहीं, टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में विराट ने 3 बार 82 रन बनाए हैं और एकदिवसीय क्रिकेट में 4 बार ये उपलब्धि हासिल की है। विराट ने आईपीएल में साल 2015 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 50 गेंदों में 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 82 रनों की नाबाद पारी खेली थी। वहीं अब उन्होंने 49 गेंदों में मुम्बई के ही खिलाफ नाबाद 82 रन बनाए। दोनों बार टीम को जीत हासिल हुई है। वहीं टी20 अंतरराष्ट्रीय में विराट ने तीन बार 82 रन बनाये थे और तीनों ही बार टीम को जीत मिली है। विराट ने आईपीएल की तरह ही तीन बार टी20 क्रिकेट में 82 रनों की पारी खेली है और तीनों बार टीम को जीत मिली है।

## आईपीएल 2023 : कोहली की शानदार बल्लेबाजी के बाद धोनी चिदंबरम स्टेडियम में बिखेरेंगे अपना जलवा

**चेन्नई,(एजेंसी)**

विराट कोहली आईपीएल में 1427 दिनों के बाद बैंगलोर के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचे और भारत के करिश्माई क्रिकेटर ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के प्रशंसकों को निराश नहीं किया, जो बड़ी संख्या में अपनी टीम को एक्शन में देखने के लिए पहुंचे थे। कप्तान फाफ डु प्लेसिस के साथ कोहली की शानदार दस्तक और आईपीएल में उनके तीसरे शतक ने सुनिश्चित किया कि आरसीबी को ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा और मुंबई इंडियंस पर 8 विकेट से जोरदार जीत दर्ज की। स्टार स्पोर्ट्स पर स्टार-स्टडेड कमेंट्री पैनल ने मुंबई इंडियंस की उच्च गुणवत्ता वाली गेंदबाजी लाइन-अप के खिलाफ शानदार पारी के लिए किंग कोहली की प्रशंसा की। इरफान पठान ने कहा, विराट कोहली टाटा आईपीएल के सबसे बड़े सुपरस्टार हैं। भारतीय प्रशंसक इससे ज्यादा खुश नहीं हो सकते। उन्होंने इस सीजन की शानदार शुरूआत की है। पिछले साल उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे।

प्रशंसकों ने उनपर विश्वास बनाए रखा। आरसीबी के लिए विराट कोहली की फॉर्म में वापसी से बड़ी कोई खबर नहीं हो सकती है।विराट कोहली और जोफ्रा आर्चर के बीच मैच खेल से पहले बात करने वाले बिंदुओं में से एक था। विराट ने एक बार फिर दिखाया कि वह एक महान खिलाड़ी क्यों हैं। उन्होंने सचिन तेंदुलकर की तरह शानदार प्रदर्शन किया। जोफ्रा आर्चर के खिलाफ लड़ाई में विराट की जीत भारतीय क्रिकेट की जीत है। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के साथ कोहली और विकेटों के बीच तेजी से दौड़ने की सराहना की और दावा किया कि यह युवा क्रिकेटरों के लिए एक सबक होना चाहिए। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, विकेट के बीच विराट का दौड़ना नए खिलाड़ियों के लिए एक सीख है।



## पिछले एक दशक से पहला मैच हारती रही है मुंबई इंडियंस

**बेंगलूर ।** सबसे अधिक पांच बार की खिताब विजेता मुंबई इंडियंस पिछले एक दशक से अपना शुरुआती मैच हारती रही है। उसका ये रिकार्ड 16 वें सत्र में भी बना हुआ है। इस बार उसे उसके रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। मुंबई इंडियंस साल 2013 के आईपीएल से अब तक एक बार भी सत्र का पहला मैच नहीं जीत पायी है। इस टीम को आईपीएल में सत्र का अपना पहला मैच जीते 11 साल हो गए हैं। इस दौरान मुंबई इंडियंस केवल 5 बार ही आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम करने में भी सफल रही है। आईपीएल 2013 में उसे पहले ही मैच में आरसीबी ने दो रन से हराया था। वहीं आईपीएल 2014 में मुंबई इंडियंस को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के हाथों 41 रन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं आईपीएल 2015 में भी उसे केकेआर ने तीन विकेट से हराया। आईपीएल 2016 में मुंबई को पहले ही मुकाबले में राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स ने 9 विकेट से हराया था। आईपीएल 2017 में भी राइजिंग पुणे सुपरजाइंट्स 7 विकेट से जीती थी। आईपीएल 2018 में मुंबई इंडियंस को चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) से एक विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2019 में मुंबई इंडियंस को दिल्ली कैपिटल्स ने 37 रन से हराया। आईपीएल 2020- में सीएसके 5 विकेट से जीता जबकि आईपीएल 2021 में उसके आरसीबी के हाथों दो विकेट से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल 2022 में मुंबई इंडियंस को दिल्ली कैपिटल्स के हाथों चार विकेट से हार मिली।


## रोनाल्डिन्हो के खेल को देखकर मुझे फुटबॉल से प्यार हो गया : ऋत्विक दास

**(एजेंसी)**

ऋत्विक कुमार दास ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के पिछले कुछ सत्रों में एक युवा प्रतिभा से देश के सर्वश्रेष्ठ विंगर्स में से एक के रूप में प्रतिष्ठा पाई है। जमशेदपुर एफसी में शामिल होने के बाद से दास क्लब के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी बन गए हैं, उन्होंने महत्वपूर्ण गोल किए और अपने साथियों के लिए मौके भी बनाए। रेड माइनर्स के साथ अपने पहले सीजन में उन्होंने चार गोल किए और 17 प्रदर्शनों में एक सहायता प्रदान की, जिससे क्लब को अपनी पहली लीग विनर्स शील्ड जीतने में मदद मिली। उनके प्रभावशाली प्रदर्शन पर राष्ट्रीय टीम के कोच इगोर स्टिमक का ध्यान गया और उन्हें मई 2022 में भारतीय राष्ट्रीय टीम में बुलाया गया, लेकिन चोट के कारण विंगर को शिविर से हटना पड़ा। 2022-23 सीजन में दास का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय था। उन्होंने 18 मैचों में 6 गोल किए थे। उन्होंने आखिरकार मार्च 2023 को म्यांमार के खिलाफ भारत के लिए डेब्यू किया। जमशेदपुर एफसी के साथ एक साक्षात्कार में खिलाड़ी ने अपनी जमीनी स्तर की फुटबॉल कहानी के बारे में बात की और उस खिलाड़ी का खुलासा किया, जिसकी वह सबसे अधिक प्रशंसा करता है। ऋत्विक ने जमशेदपुर एफसी को बताया, जब मैंने 2006 में फीफा विश्व कप देखा, तो मैंने रोनाल्डिन्हो को खेलते देखा। मेरे पिता खेल देख रहे थे और मैं बहुत छोटा था। रोनाल्डिन्हो के खेल को देखकर मुझे फुटबॉल से प्यार हो गया। दास आसनसोल शहर में पले-बढ़े और बहुत कम उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू कर दिया। वह एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने कोलकाता में मोहन बागान अकादमी में शामिल होने से पहले स्थानीय टीमों के साथ अपनी यात्रा शुरू की। दास अपने गृहनगर से कोलकाता हर दिन पांच घंटे की यात्रा करते थे और फुटबॉल को करियर के रूप में अपनाया। मिडफील्डर ने अपने अकादमी के दिनों के बारे में बात की और एक खिलाड़ी के रूप में अपने उल्लेखनीय परिवर्तन को साझा किया।दो साल बाद, उन्होंने कोलकाता में अपनी पेशेवर यात्रा शुरू की, जहां उन्होंने रियल कश्मीर एफसी द्वारा स्काउट किए जाने से पहले कलकत्ता कस्टम्स और कालीघाट मिलन संघ के लिए खेला। विंगर ने कहा, मैंने अपना पेशेवर युवा करियर तब शुरू किया जब मैं 13 या 14 साल का था। मैं कोलकाता में मोहन बागान अकादमी में प्रशिक्षण सत्र में भाग लेने के लिए अपनी मां के साथ आसनसोल से कोलकाता तक पांच घंटे की यात्रा करता था।



## आईपीएल सत्र में चाहर को फिट बने रहने की उम्मीद



**मुम्बई ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज दीपक चाहर को उम्मीद है कि वह इस 16 वें आईपीएल सत्र में अपनी फिटनेस बनाये रखने का प्रयास करेंगे। चाहर ने चोटिल होने के कारण लंबे समय बाद वापसी की है। ऐसे में अब वह एक बार फिर चोटिल होकर बाहर नहीं होना चाहते हैं। चाहर के अनुसार वह इस आईपीएल के पूरे सत्र को बिना चोट के खेलने की उम्मीद कर रहे हैं। चाहर पिछले साल आठ महीने से अधिक समय फ्रैक्चर और क्वाड ग्रेड 3 टियर के कारण बाहर हो गए थे। चाहर का मानना है कि तेज गेंदबाज के लिए चोट के बाद वापसी करना काफी कठिन होता है। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि चोटों से कैसे निपटना है पर इस बार यह समय कुछ ज्यादा ही लंबा हो गया था। यह कम से कम आठ महीने था। एक तेज गेंदबाज के लिए चोट से वापसी करना काफी मुश्किल काम होता है। उम्मीद है कि फिर से ऐसा नहीं होगा और मैं इस पूरे सीजन और साल में चोट से बचा रहूंगा। उन्होंने कहा कि वह सीएसके जैसी टीम का सदस्य बनकर अपने को भाग्यशाली मानते हैं। चाहर ने कहा, मैं एक अच्छी टीम और अच्छे माहौल का हिस्सा बनने के लिए भाग्यशाली रहा हूं। यदि आपके पास ऐसा माहौल है, जहां हर कोई एक-दूसरे का समर्थन कर रहा है। अगर आप हमेशा टूर्नामेंट जीतने की बात कर रहे हैं। वहीं आप फाइनल में पहुंचते हैं और उसे जीतते हैं। चाहर 2021 के आईपीएल में सीएसके की खिताबी जीत में शामिल थे।

## एथलेटिक्स : केन्याई, इथियोपियाई धावकों ने 2023 शियामेन मैराथन में जीत हासिल की




**(एजेंसी)।** केन्या के फिलिमोन किप्टू किपचुम्बा ने रविवार को 2023 शियामेन मैराथन में पुरुषों का खिताब जीता, जबकि इथियोपिया की मेसेरेट अबेबायेहु अलेमु ने महिलाओं का स्वर्ण पदक जीता। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, किपचुम्बा, जो दौड़ के शुरूआती चरण में आगे नहीं चल रहे थे, ने फिनिशिंग लाइन को पार करने के लिए दो घंटे, आठ मिनट और चार सेकंड का समय लिया। किपचुंबा ने कहा, यह मेरी पहली बार शियामेन मैराथन में भागीदारी थी। दौड़ में मुझे रेसरों की संख्या और उत्साही दर्शकों ने प्रभावित किया। मैंने दौड़ के शुरूआती चरणों में अपनी गति बनाए रखी और अंत में गति बढ़ाना शुरू किया, यह मेरी रणनीति है। इथोपिया के लेंचो टेस्फाये अंबेसा और मोरक्को के ओमर एत चिताचेन ने क्रमशः 2:08:29 और 2:08:59 के साथ रजत और कांस्य पदक हासिल किए। महिलाओं का खिताब इथियोपिया की अलेमु ने जीता जिन्होंने 2:24:42 का समय लिया, जबकि केन्या की ग्लेडिस चेसिर किप्टागेलई 2:25:51 के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। इथियोपिया की ही गुटेनी शोन इमाना ने 2:25:58 के साथ कांस्य पदक जीता। चीन के शीर्ष मैराथन में से एक के रूप में, 2023 शियामेन मैराथन ने 35,000 प्रतियोगियों को आकर्षित किया है।

# ईशा से जल्द शादी करने जा रहे रैपर बादशाह!



सिंगर और रैपर बादशाह अपने क्रेजी गानों की वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं लेकिन इस बार वो अपनी दूसरी शादी के कारण छाए हुए हैं। हालिया रिपोर्ट के अनुसार बादशाह जल्द ही गर्लफ्रेंड ईशा रिखी से शादी करने वाले हैं। बता दें कि बादशाह की पहले से एक बेटी भी है।

सिंगर-रैपर बादशाह पिछले काफी समय से अपनी एक्ट्रेस और अपनी गर्लफ्रेंड ईशा रिखी के साथ रिलेशनशिप में हैं। अब खबरें आ रही हैं कि कपल अपने रिश्ते को नेक्स्ट लेवल पर ले जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। एक न्यूज पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक, बादशाह और ईशा इसी महीने शादी के बंधन में बंधने की योजना बना रहे हैं। कल कथित तौर पर उत्तर भारत में गुरुद्वारे में शादी की प्लानिंग कर रहे हैं। ईशा को हाल ही में शहर में शादी की खरीदारी के लिए स्पॉट किया गया था। हालांकि, कुछ चुनिंदा दोस्तों को ही उनकी शादी के बारे में पता है।

### बादशाह कर रहे दूसरी शादी?

पहले भी रैपर बादशाह के साथ काम कर चुके एक म्यूजिक लेबल के एक कर्मचारी ने भी कथित तौर पर चर्चा की पुष्टि की है। संपर्क करने पर, रिखी ने कोई कमेंट नहीं कहकर रुख बनाए रखा, जबकि रैपर बादशाह से इस बारे में कोई बात नहीं हुई है। उनके रिश्ते की खबरें पिछले साल इंटरनेट पर छाईं। हालांकि, इस जोड़े ने न तो पुष्टि की और न ही खबरों का खंडन किया। तभी से दोनों अपने रिश्ते को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं।

### एक बेटी के पिता हैं बादशाह

बादशाह ने पहले जैस्मीन मसीह से शादी की थी, जिनसे उनकी एक बेटी है, जिसका नाम जेसेमी ग्रेस मसीह सिंह है। ये जोड़ी 2020 में कुछ कारणों की वजह से अलग हो गए जो किसी को अच्छी तरह से मालूम नहीं हैं।

### चुपके से की थी पहली शादी

बादशाह की पत्नी जैस्मीन एक ईसाई परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनका एक अलग सांस्कृतिक बैकग्राउंड है। इसलिए, घोड़ी, बारात और फेरे का चुनाव करने के बजाय, उन्होंने एक ईसाई शादी की ती। इसलिए, कपल 2012 में बिना किसी मीडिया कवरेज के शादी के बंधन में बंध गए। हालांकि, बादशाह की बच्ची के जन्म के बाद ही उनके फैंस को उनकी शादी के बारे में पता चला। बाद में वे अलग भी हो गए।

## मैं राजनीति में नहीं आऊंगा : ऋषभ शेट्टी



कांतारा फेम ऋषभ शेट्टी ने सोशल मीडिया पर राजनीति में शामिल होने पर अपना रुख स्पष्ट किया है और कहा है कि वह राजनीति में शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने प्रशंसकों से उनके सिनेमा का समर्थन करने की भी अपील

कि वह राजनीति में शामिल हो रहे हैं, कहा यह झूठी खबर है। स्पष्ट रूप से कहें कि आज 1 अप्रैल है। उन्होंने कहा, कुछ लोगों ने मुझे एक खास पार्टी के समर्थक के रूप में पेश किया है। मैं कभी भी राजनीति में नहीं जाऊंगा। उनके एक प्रशंसक ने प्रतिक्रिया दी थी कि उन्हें राजनीति में शामिल होना चाहिए और वह उनका समर्थन करेंगे। ऋषभ शेट्टी ने कहा कि उन्हें राजनीति में उनके समर्थन की जरूरत नहीं है। कृपया मेरे सिनेमाघरों का समर्थन करें, यह पर्याप्त से अधिक है। कांतारा फिल्म की रिलीज के बाद अफवाहें फैलीं कि वह एक राजनीतिक दल में शामिल होंगे। कांतारा फिल्म में दिखाई गई भगवान की चीखों का उपहास न करने के लिए फिल्म देखने वालों से उनकी अपील और उनकी मंदिर यात्राओं ने भी संकेत दिया कि वह राजनीति में आएंगे। हालांकि, ऋषभ शेट्टी ने सभी अफवाहों पर से पर्दा हटा दिया है और स्पष्ट रूप से कहा है कि वह राजनीति में नहीं आएंगे। उनके करीबी सूत्रों ने कहा कि ऋषभ कांतारा फ्रेंचाइजी पर गंभीरता से काम कर रहे हैं क्योंकि अखिल भारतीय स्तर पर उम्मीदें बहुत अधिक हैं।

## टूटेगा नहीं तोड़ेगा में स्टंट करने के लिए ईशा ने ली सुनील शेट्टी की मदद

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा देओल ने हंटर-टूटेगा नहीं तोड़ेगा के सेट पर सभी स्टंट खुद करने के अपने अनुभव को साझा किया। ईशा ने कहा कि सुनील शेट्टी के साथ काम करने से उन्हें अपने एक्शन स्किल्स में सुधार करने में मदद मिली है। एक्ट्रेस ने कहा- सभी एक्शन सीक्वेंस मेरे द्वारा किए गए हैं। अन्ना के खिलाफ लड़ना, एक अद्भुत अनुभव था। उनसे बहुत कुछ सीखा है क्योंकि वह इसमें माहिर है। पहले भी अन्ना के साथ काम करने के चलते कंफर्ट जोन था। हमने प्रोजेक्ट के लिए शूटिंग के समय काफी मजे किए। उनके साथ एक्शन सीन शूट करने के लिए विशेष रूप से शानदार थे। मेरे मन में उनके लिए बेहद सम्मान है। ईशा, जिन्होंने कोई मेरे दिल से पूछे से अभिनय की शुरूआत की, और बाद में धूम, काल, दस और नो एंट्री में काम किया, ने सीरीज में अपने किरदार के बारे में और जानकारी दी। उन्होंने कहा, मेरा किरदार एक ऐसी लड़की का है, जो एक छोटे से शहर से है। वह एक मिशन पर है। वह एक कभी न हार मानने वाली लड़की है। अपनी हिम्मत से हर परेशानियों को पार कर जाती है। इस सीरीज में एसीपी विक्रम सिन्हा के रूप में सुनील शेट्टी, दिव्या (फ्रीलांस जर्नलिस्ट) के रूप में ईशा देओल, पुलिस एसएचओ हुड्डा के रूप में राहुल देव, बरखा बिष्ट, करणवीर शर्मा, मिहिर आहूजा, टीना सिंह, चाहत तेजवानी, सिद्धार्थ खेर, गार्गी सावंत, स्मिता जयकर और पवन चोपड़ा के साथ हैं। हंटर - टूटेगा नहीं तोड़ेगा अमेजॉन मिनी टीवी पर स्ट्रीम होता है।



## द केरला स्टोरी की कहानी सुनकर उड़ गई थी अदा की रातों की नींद



अदा शर्मा कई फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेर चुकी हैं। वह जल्द ही द केरला स्टोरी में नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का टीजर रिलीज हुआ है। टीजर में एक आतंकवादी के रूप में अदा के यथार्थवादी प्रदर्शन ने रोंगटे खड़े कर दिए। लेकिन इंटरनेट पर इस बात पर बहस हुई कि क्या इसकी कहानी वास्तव में एक सच्ची कहानी है। हाल ही में अदा शर्मा ने फिल्म में अपने रोल के बारे में खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म की कहानी सुनने केबाद वह कई रात तक सो नहीं सकी थीं। अदा शर्मा ने कहा, जब मुझे कहानी सुनाई गई तो यह इतना डरावना था कि मैं इसके बारे में सोचते हुए कई रातों तक सो नहीं पाई। अदा ने कहा, मैं आभारी हूं कि मुझे इस तरह की फिल्म में शामिल होने का मौका मिला, इस दिल दहला देने वाली कहानी को बताने का मौका मिला। फिल्म में कास्ट किए जाने के बारे में अदा कहती हैं, द केरला स्टोरी एक हिंदी फिल्म है इसलिए वे एक ऐसी बॉलीवुड अभिनेत्री चाहते थे जो हिंदी और मलयालम बोल सके। मैं एक मलयाली हूं इसलिए मैं दोनों भाषाएं बोलती हूं, यही एक कारण था कि वे मुझे लगा कि मैं इस भूमिका के लिए फिट हूं। अदा इस फिल्म को लेकर हुए विवाद के बारे में बात करते हुए कहती हैं, निर्माता विपुल शाह और सुदीप्तो सेन ने कई प्रतिष्ठित फिल्में बनाई हैं और वे सभी आंकड़े पेश करेंगे। जब लोग फिल्म देखेंगे तो उनके सभी सवालों का जवाब दिया जाएगा और उनकी शंकाएं दूर हो जाएंगी।

## जेनेलिया ने सभी को मुस्कुराते रहने और खुश रहने के लिए किया प्रोत्साहित

कौन सोचेगा कि जो अपनी मुस्कान के लिए जानी जाती हैं उसे एक बार इसे बदलने की सलाह दी गई थी? यह सच है। ज्यादातर अपनी प्यारी मुस्कान और प्यारे व्यक्तित्व के लिए जानी जाने वाली, जेनेलिया देशमुख को एक समय अपनी मुस्कराहट पर काम करने के लिए कहा गया था जो कुछ लोगों को थोड़ी चौड़ी लगती थी। इस तरह के विचारों और सलाह को एक तरफ रखते हुए, प्यारी अभिनेत्री ने अपनी संक्रामक मुस्कान के साथ-साथ दूसरों को भी खुश करने का फैसला किया। इस तथ्य को साबित करते हुए कि एक अरब लोगों के पूर्णता के विचार को सुनने के बजाय खुद पर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करना हमेशा बेहतर होता है, जेनेलिया ने जितना संभव हो उतनी सकरात्मकता का प्रसार किया है। जाने तू या जाने ना फेम यह जहां भी जाती है वहां लोगों के लिए ट्रीट होती है और वह अपने साथ उत्साह और खुशी की आभा लेकर आती है। वह एक प्राकृतिक सुंदरता है और लोगों को आकर्षित करती है और लाखों प्रशंसकों द्वारा पसंद की जाती है।

जेनेलिया देशमुख ने शुरू से ही अपने चुलबुले व्यक्तित्व और युवा जोश से हम सभी के दिलों में जगह बनाई है। उनका सोशल मीडिया प्रेरणादायक ऊर्जा और उत्साह का भंडार है। आज, उन्होंने सभी को मुस्कुराते रहने और जितना संभव हो हंसने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए इंस्टाग्राम का सहारा लिया है।

## शर्लिन चोपड़ा का महेश भट्ट-राम गोपाल वर्मा पर गंभीर आरोप



बॉलीवुड फिल्म टाइम पास, रेड स्वास्तिक, गेम और कामसूत्र में काम कर चुकीं एक्ट्रेस शर्लिन चोपड़ा आज पर्दे से दूर हैं। बावजूद इसके भी वह अक्सर अपने ताजा इंटरव्यू को लेकर सुर्खियों का हिस्सा बन जाती हैं। शर्लिन चोपड़ा का विवादों से गहरा नाता रहा है। वहीं, अब हसीना ने इंडस्ट्री के बड़े-बड़े डायरेक्टर्स को लेकर चौंकाने वाला बयान दे दिया है, जिससे सोशल मीडिया की हलचल बढ़ गई है। शर्लिन चोपड़ा ने एक मीडिया संस्थान से बातचीत में अपनी शादी, राखी सावंत संग दोस्ती और अपने फिल्मी करियर के खत्म होने के पीछे बड़े-बड़े डायरेक्टर्स का हाथ होने की बात कही।

सबसे पहले शर्लिन ने शादी के लिए लड़के में होने वाली खूबी का खुलासा करते हुए कहा, मुझे एक पति चाहिए, लेकिन वह करोड़पति होना चाहिए। इतना ही नहीं वह ऐसा हो जो सिर्फ मेरा ही होकर रहे। उसे झूठा या बेईमान नहीं होना चाहिए। वहीं, शर्लिन चोपड़ा ने इस इंटरव्यू में महेश भट्ट और राम गोपाल वर्मा जैसे फिल्म मेकर को लेकर कुछ ऐसा कह दिया, जिसे जानकर हर कोई दंग रह गया।

शर्लिन चोपड़ा ने कहा, पूरी इंडस्ट्री ने मुझे रिजेक्ट कर दिया। महेश भट्ट और राम गोपाल वर्मा ने मुझे रिजेक्ट कर दिया था। मैं कारण नहीं जानती। वे बस यही कहते, तुम में वह बात नहीं है। तुम नमकीन नहीं हो। शर्लिन चोपड़ा ने अपनी बात को जारी रखते हुए आगे कहा, वैसे अभी मैं दुनिया भर का सोडियम लेकर चल रही हूं। लेकिन यह ठीक है। ब्रह्मांड ने मेरा समर्थन किया है। मुझे परवाह नहीं है क्योंकि भगवान मेरे साथ है।

आज मेरे पास सभी अच्छी चीजें हैं। मुझे सभी से बहुत सम्मान मिला है। शर्लिन चोपड़ा ने राखी सावंत संग अपनी दोस्ती पर भी बात की। गौरतलब हो कि एक समय पर ये दोनों हसीनाएं एक-दूसरे की दुश्मन थीं। हालांकि, जब राखी ने आदिल की बातों को मीडिया के सामने लाना शुरू किया तो शर्लिन भी उनको पूरा साथ देती नजर आईं। शर्लिन चोपड़ा ने खुलासा किया कि जब राखी ने उन्हें आदिल के बारे में बताया, तो उन्होंने तुरंत उस पर विश्वास किया और मदद की, लेकिन जब उन्हें मदद की जरूरत थी, तो राखी ने ऐसा नहीं किया।

## सुपरमॉडल हदीद को देख वरुण हुए बेकाबू



एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जिसकी वजह से वो ट्रोल हो रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि वरुण, स्टेज पर सुपरमॉडल जीजी हदीद को बुलाते हैं और गोद में उठाकर किस कर लेते हैं। दरअसल नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर के दूसरे दिन के इवेंट में जीजी हदीद भी शामिल रहीं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में दिख रहा है कि स्टेज पर परफॉर्मेंस के दौरान वरुण धवन, जीजी को इशारा करके बुलाते हैं और फिर गोदी में उठा लेते हैं। इसके बाद जरा सा झूमने के बाद वो गोदी से उतारने से पहले उन्हें किस कर लेते हैं। वरुण का ये अंदाज फैन्स को पसंद नहीं आ रहा है।

वरुण धवन का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वरुण धवन स्टेज पर जीजी हदीद को गोदी में उठाते दिख रहे हैं, जिसकी वजह से वो ट्रोल हो रहे हैं। नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में जारी इवेंट्स का दूसरा दिन भी काफी धमाकेदार रहा। सोशल मीडिया पर इस इवेंट के कई फोटोज और वीडियोज वायरल हो रहे हैं, जिन पर फैन्स तेजी से रिएक्ट कर रहे हैं। शाहरुख खान- रणवीर सिंह के डांस से लेकर आलिया भट्ट- रश्मिका मंदाना के परफॉर्मेंस तक, सोशल मीडिया यूजर्स इन वीडियोज पर प्यार लुटा रहे हैं। लेकिन इस बीच वरुण धवन का

### वरुण धवन को किया ट्रोल



वरुण धवन का ये वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और वरुण ट्विटर पर भी ट्रेंड करने लगे। ट्विटर यूजर्स को वरुण का ये अंदाज पसंद नहीं आया और खूब ट्रोल कर रहे। एक ट्विटर यूजर ने लिखा, वरुण, ऐसा करेगा, उम्मीद नहीं थी। एक दूसरे ने लिखा- फिरंगी देख बेकाबू हो गए वरुण भैया और लपक लिया. एक और ने लिखा, ऐसी हरकतों से ही बॉलीवुड बदनाम है। ऐसे ढेर सारे कमेंट्स ट्विटर पर वरुण को लेकर देखने को मिल रहे हैं। बता दें कि जीजी के ट्रेडिशनल अंदाज पर सोशल मीडिया यूजर्स फिदा हो गए और खूब प्यार लुटा रहे।